


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 153 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 18 मार्च 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर



### मुख्यमंत्री ने भक्त माता कर्मा की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में भक्त माता कर्मा जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । उन्होंने प्रदेशवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की बधाई एवँ शुभकामनाएं दी तथा माता कर्मा से प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, महिला एवँ बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया, छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, लोकगायिका सुश्री आरु साहू भी उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भक्त माता कर्मा जयंती का पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर साहू समाज द्वारा विशेष रूप से अन्य समाजों के साथ शोभा यात्रा और कलश यात्रा निकाली जाती है और धार्मिक-सामाजिक आयोजन भी होते हैं। उन्होंने कहा कि भक्तों की आस्था का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने भक्त माता कर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

### माँ कर्मा के जीवन से हमें श्रद्धा, भक्ति, नारी सम्मान और मानव सेवा की शिक्षा मिलती है - गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू

**दुर्ग।** प्रदेश के लोक निर्माण व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने भक्त माता कर्मा जी की जयंती पर प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है। अपने बधाई संदेश में श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में साहू समाज सहित सभी समाजों द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती का पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। आराध्य माँ कर्मा ने अपनी भक्ति भाव से साक्षात् भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। उनके जीवन से हमें श्रद्धा, भक्ति, नारी सम्मान और मानव सेवा की शिक्षा मिलती है। माँ कर्मा का विराट व्यक्तित्व हम सभी को भक्ति के मार्ग पर चलते हुए लोगों की सेवा करने हेतु सदैव प्रेरित करता रेहगा।

छत्तीसगढ़ में बदला मौसम का मिजाज

# तेज हवा के साथ बारिश ने बढ़ाई उमस अगले दो दिन रहेंगे ऐसे ही हालात

## बारिश के साथ चली तेज हवा, फसलों को नुकसान



श्रीकंचनपथ

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में ठंड और गर्मी के बीच मौसम का मिजाज बदल गया है। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में हुई बारिश ने उमस बढ़ा दी है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न भागों में गरज के साथ हल्की बारिश हुई। राजधानी रायपुर सहित दुर्ग भिलाई व अन्य जिलों में शनिवार को सुबह से ही बादल छाए रहे और बारिश भी हुई। यही नहीं प्रदेश के कुछ हिस्सों में ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार आने दो दिन और मौसम ऐसे ही रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में दक्षिण-पश्चिम राजस्थान तथा पूर्वोत्तर राजस्थान में निचले स्तर पर दो चक्रवात तथा दक्षिण की एक द्रोणिका की वजह से मौसम बदला हुआ है। इसी क्षेत्र से लगातार बादल आ रहे हैं। शनिवार को छत्तीसगढ़ में कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बौछारें तथा अंधड़ के साथ ओले गिरे। बीते 24 घंटे में बस्तर के सुकमा और कोंटा में 50-50 मिमी बारिश रिकार्ड किया गया। वहीं बीजापुर, उसूर में 30 और भोपालपट्टनम में 20 मिमी बारिश हुई। बिलासपुर, पेंड्रारोड, जगदलपुर, राजनांदगांव और दुर्ग जिले में भी बारिश हुई।

दो दिन से बदले मौसम व बारिश के कारण फसलों को नुकसान हुआ है। गेहूं की जो फसल पक गई है वह बारिश के कारण बालियां टूटने से बुरी तरह से प्रभावित हुई। तेज हवा के कारण फसल गिर गई। उधर सरसों पर बारिश और हवा दोनों का बुरा असर पड़ा। किसान तो वैसे ही परेशान हैं और बारिश ने उन्हें और भी परेशान कर दिया है। मौसम विभाग आगे भी बारिश और तेज हवा चलने की आशंका जता रहा है। खास तौर से 20 व 21 मार्च को तेज बारिश होने की बात कही जा रही है। यानी किसानों के लिए अगला एक सप्ताह भी संकट भरा रहने वाला है।



### तापमान में गिरावट

बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। दो दिन से बारिश देर रात तक रुक-रुक कर होती रही। इसके साथ ही बदले मौसम का असर महुआ संग्रह को पर बड़े पैमाने पर देखा जा रहा है। बारिश एवं तूफान की वजह से महुआ की फसल को खासा नुकसान हुआ है। लगभग 15 दिनों तक गिरने वाला महुआ की फसल अब बमुश्किल एक-दो दिन ही और गिरेगी। हालांकि ओले नहीं गिरने से सब्जियों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है लेकिन, लगातार चले तूफान ने टमाटर एवं सब्जी उत्पादकों को काफी नुकसान पहुंचाया है।

### सेक्टर-7 में निर्माणाधीन भवन का भाड़ा गिरा

बारिश व आंधी के कारण सेक्टर-7 में निर्माणधीन भवन का भाड़ा ढह गया। भवन निर्माण में बंधा भाड़ा आंधी के कारण तेजी से गिर गया जिसके कारण साइड की दीवार भी ढह गई। मौके पर कोई माजदूर नहीं होने से जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। हालांकि निर्माणाधीन भवन को काफी नुकसान हुआ है।



## रायपुर विकास प्राधिकरणः सरचार्ज राशि में एकमुश्त भुगतान पर 31 मार्च तक छूट, आवासीय और व्यावसायिक पर भी ऑफर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** यदि आपने रायपुर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में घर या फ्लैट लिए हैं, तो ये खबर आपके काम की है। आपकी समस्या का समाधान हो सकता है। दरअसल, रायपुर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में बकायादारों की ओर से एकमुश्त राशि जमा करने पर सरचार्ज राशि में 31 मार्च 2023 तक छूट मिलेगी। इसमें पुरानी योजनाओं में सबसे ज्यादा बकाया राशि बॉम्बे मार्केट, बोरियाखुर्द, हीरापुर, रायपुरा और ट्रांसपोर्ट नगर रांवाभाठा के




आवंटितियों पर है। इसके तहत आवंटितियों को एक मुश्त राशि जमा करने पर उन्हें बड़ी राहत मिल सकती है।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के अनुसार कई संपत्तियों में नियमित भुगतान नहीं करने के कारण सरचार्ज की राशि लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि बॉम्बे मार्केट में आवंटितियों को एकमुश्त राशि जमा करने पर सरचार्ज राशि में 1.24 करोड़ रुपए का बचत होगी। इसी प्रकार बोरियाखुर्द योजना में 10.56 करोड़ रुपए की बकाया राशि में सरचार्ज की राशि 1.00 करोड़ रुपए है। हीरापुर में 3.66 करोड़ रुपए के बकाया राशि में 1.82 करोड़ रुपए का सरचार्ज है। रायपुरा में 5.95 करोड़ रुपए के बकाया राशि में 3.06 करोड़ रुपए का सरचार्ज शामिल है और ट्रांसपोर्ट नगर रावांभाठा में ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों पर 3.89 करोड़ रुपए में से सरचार्ज की राशि के रुप में 1.16 करोड़ रुपए देना बाकी है।

### सीईओ ने की लाभ उठाने की अपील

प्राधिकरण की ओर से 31 मार्च तक दी जा रही छूट पर एकमुश्त राशि का भुगतान करने पर 50 प्रतिशत और 30 प्रतिशत की छूट से आवंटितियों को काफी लाभ हो रहा है। आरडीए के सीईओ साहू ने विभिन्न योजनाओं के समस्त बकायादारों से अपील की है कि वे रायपुर विकास प्राधिकरण की ओर से दी जा रही इस छूट के सुनहरे मौके का अधिक से अधिक लाभ उठावें। इससे उन्हें आर्थिक लाभ होगा और बचत भी होगी।

## हड़तालः 650 बिजली कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कई एजेंसियों को नोटिस



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में विभिन्न निगमों में आउटसोर्सिंग एजेंसी के जरिए और संविदा पर कार्यरत करीब 650 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इनमें पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 242, मध्यांचल के 110, पश्चिमांचल में 60 और दक्षिणांचल के 38 कर्मचारी भी शामिल हैं। इसके अलावा एजेंसियों को नोटिस भी जारी की गई है। कॉरपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज ने बताया कि गाजीपुर में बिजली आपूर्ति के लिए काम कर रही फर्म भारत इंटरप्राइजेज को अपने कर्मचारियों को उपस्थित न करा पाने के कारण फर्म के महाप्रबंधक एवं सुपरवाइजर राहुल सिंह के विरुद्ध कोतवाली गाजीपुर में एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

इसके अलावा छह अन्य एजेंसियों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। देवराज ने कहा कि भविष्य में इन एजेंसियों को निगम में कार्य करने के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। सभी जिलों में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि काम न करने वालों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए।

### सीएम बोले-अराजकता फैलाने वाले बिजलीकर्मी होंगे सूचीबद्ध

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अराजकता फैलाने वाले बिजली कर्मी सूचीबद्ध किए जाएंगे। बिजली फीडर बंद करने वालों के खिलाफकार्रवाई की जाए। सरकार प्रतिवर्ष 20 हजार करोड़ रुपये पावर कॉर्पोरेशन को उसका घाटा पूरा करने के लिए देती है।

### ऊर्जा मंत्री ने चेताया लाइन में फाल्ट किया तो आकाश-पाताल से खोज निकालेंगे

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने हड़ताली कर्मचारियों को चेताया है कि लाइन में फॉल्ट करने वालों को आकाश-पाताल से खोज निकालकर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने आपूर्ति को पूरे नियंत्रण में बताते हुए दावा किया है कि प्रदेश में चार हजार मेगावाट सरप्लस बिजली है।

## बड़ा हादसाः नाले के तेज बहाव में बहे छह मजदूर, चार के शव बरामद, बाकी की तलाश जारी



**सोनभद्र (एजेंसी)।** सोनभद्र में कोन थाना क्षेत्र के बैतरा नाले में शुक्रवार की शाम बारिश के बाद अचानक तेज बहाव में छह मजदूर बह गए। इसमें चार का शव चकरिया चौकी क्षेत्र में बरामद हुए हैं। इसमें राजकुमारी (40) पत्नी विनोद विश्वकर्मा, रीता (32) पत्नी रमेश अगरिया, राजमति (10) पुत्र रमेश अगरिया, हीरावती (22) पत्नी राम विश्वास अगरिया सभी निवासी गढ़वान थाना रामपुर बरकोनिया शामिल हैं। इनके अलावा संतरा देवी (55) पत्नी अमरनाथ अगरिया, विमलेश (12) पुत्र छोटेलाल अगरिया लापता हैं। इनकी तलाश की जा रही है।

# मकान की छत पर रील बना रहा था छात्र, छज्जे से गिरा और हो गई मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में बड़ा हादसा हो गया। शुक्रवार को कॉजेल के छात्र ने रील बनाने के लिए छत पर वीडियो शूट कर रहा था इस दौरान छज्जे से गिरने से उसकी मौत हो गई। छात्र 20 फीट ऊंचे छज्जे से गिरा जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई। साथी छात्रों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया। वहीं छात्र के परिजनों को भी सूचित किया गया।

जांजगीर-चाम्पा जिले के सरखो निवासी आशुतोष साव पिता रविशंकर (20) अशोकनगर में किराए के रूम में रहता था। वह साइंस कॉलेज में बीसीए सेकेंड ईयर का छात्र था। शुक्रवार को



दोपहर करीब तीन बजे क्लासेस होने के बाद वह अपने दोस्त सुमीत पांडेय, सिद्धांत यादव, वैभव कौशिक, रोशन कश्यप और सिम्मी साहू के साथ कॉलेज की छत में चढ़ गया। यहां पर आशुतोष को रील बनाने की सूझी और वह छत से तीन फीट नीचे छज्जे पर कूद गया। यहां दोस्त वीडियो शूट करन लगे। इस बीच आशुतोष छज्जे पर कूद रहा था कि अचानक पैर फिसला और 20 फीट नीचे सिर के बल गिरा।

आशुतोष के नीचे गिरने से अफरा तफरी मच गई और आनन फानन में साथी छात्र उसे अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में आशुतोष की मौत हो गई। घटना की सूचना छात्रों ने उसके परिजनों को व पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद आशुतोष के परिजन जांजगीर से बिलासपुर पहुंचे। इधर पुलिस ने शुक्रवार को शव मरच्यूरी में रखवा दिया। घटना के संबंध में जब मृतक आशुतोष के दोस्तों से पूछताछ की गई तो बताया कि आशुतोष को इंस्टा रील बनाने का शौक था और अक्सर वह रील्स बनाकर इंस्टा में पोस्ट करता था। शुक्रवार को भी इसी के लिए रील बना रहा था। दोस्तों का यह भी कहना था कि उन लोगों ने आशुतोष को छज्जे पर कूदने से मना किया था लेकिन वह नहीं माना। फिलहाल पुलिस ने मोबाइल को कब्जे में लेकर घटना की जांच की जा रही है।

## सरकारी स्कूलों के निर्माण की गुणवत्ता

श्रीकंचनपथ न्यूज




छत्तीसगढ़ में अकेले बिलासपुर जिले के 274 सरकारी स्कूल बेहद जर्जर अवस्था में हैं। यह स्थिति जिले के चारों ब्लाक की है। ऐसे स्कूलों की सूची बनाकर 2022 में डीईओ कार्यालय में जमा किया था पर विभाग ने इस पर ध्यान नहीं दिया। शायद वह किसी हादसे के इंतजार में था। शासन की फटकार के बाद एक बार फिर नए सिरे से सूची बनाई जा रही है। उम्मीद है कि इसमें कुछ और स्कूलों के नाम शामिल हो जाएंगे। हालात ऐसे हैं कि एक तरफजहां कुछ शाला भवनों को ताला लगाया जा चुका है वहीं कुछ में बच्चे जान हथेली पर लेकर पढ़ रहे हैं। उनपर छत से पलस्तर गिरता रहता है। कुछ बच्चे कक्षा के दौरान छत पर ही अपना ध्यान लगाए रहते हैं। शिक्षक भी छत पर नजर रखते हैं। जहां कहीं भी पलस्तर ढीला दिखता है, उसे डंडे से ठोंककर गिरा दिया जाता है ताकि वह बच्चों पर न गिरे। इन शाला भवनों की उम्र 25 साल या उससे कुछ अधिक है। सिंगल स्टोरी शाला भवनों की यह हालत केवल इसलिए हुई है कि इनकी छतों की ढलाई ढीली ढाली हुई। उसपर न तो मलाई का काम हुआ और न ही टारफेल्ट बिछाए गए। भिलाई टाउनशिप के सिंगल स्टोरी मकान आज भी खड़े हैं जबकि इन्हें बने 60 साल से अधिक हो चुके हैं। भिलाई टाउनशिप में केवल उन्हीं भवनों की हालत जर्जर हुई जो बहुमंजिला थे। बीएसपी मकानों की दीवारों में से होकर पेयजल और सीवेज के पाइप दौड़ते हैं। इससे बहुमंजिली इमारतों की दीवारें नमी पकड़ती हैं और सीलन से खराब हो जाती हैं। जब भवन खराब होता है तो न केवल उसका उपयोग कर रहे लोगों की जान को जोखिम होता है बल्कि वहां रखे असबाब की भी हानि होती है। खस्ताहाल स्कूलों की आलमारियां भी गल चुकी होती हैं। इनमें रखे दस्तावेज भी नष्ट होने की कगार पर हैं। पिछले साल एक ऐसे ही स्कूल में जब पुराने एडमिशन रजिस्टर को तलब किया गया तो पता चला कि उसके सारे पन्ने नमी के कारण चिपक गए हैं। स्कूलों की यह स्थिति तब है जब वह आबादी क्षेत्रों में हैं। जिनके बच्चे इन स्कूलों में पढ़ते हैं, वो सभी आसपास ही रहते हैं। पर सरकारी निर्माण की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने कभी कोई जागरूकता नहीं दिखाई। दरअसल, हमने एक तरह से यह मान लिया है कि कोई भी भवन 25-30 साल में पुराना और जर्जर हो जाता है और उसे गिराकर नया बनाने की जरूरत पड़ ही जाती है। ठेकेदार, अधिकारी और नेता मिलकर सरकारी निर्माण का सीमेंट और लोहा पचा जाते हैं। सरकारी पैसा ठेकेदारों के माध्यम से अफसरों और नेताओं की जेब में जाता है। सरकारी नियमों पर सरकार को कम और स्थानीय आबादी को ज्यादा नजर रखनी चाहिए। छोटी-मोटी मरम्मत समय पर हो, इसके लिए दबाव बनाना चाहिए। आखिर यह जनता का पैसा है, जनता की इमारत है, राष्ट्रीय संपत्ति है।



## संपादकीय

### फिर तेज संक्रमण

क्या फिर कोरोना की वापसी हो रही है? केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत में कोरोना के दैनिक मामले 700 का आंकड़ा पार कर गए हैं। सक्रिय मामले 109 दिन के बाद 5,000 के पार पहुंचे हैं, तो चिंता जायज है। शुक्रवार को इसके सक्रिय मामलों की संख्या 5,026 हो गई है। यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि देश में 4,46,93,500 से ज्यादा लोग कोरोना पीड़ित हुए हैं। शुक्रवार को दर्ज हुई पांच मौतों के बाद इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,30,795 हो गई है। करीब 4,41,57,685 लोग कोरोना के बाद स्वस्थ हुए हैं और इनमें से कई तो एकाधिक बार संक्रमण का शिकार बने। खतरा अभी टला नहीं है, शायद टीके का प्रभाव कम हो गया हो। इस बारे में आधिकारिक रूप से अभी कोई सूचना सार्वजनिक नहीं है। क्या अब जिनको कोरोना हो रहा है, उन्हें टीके पूरे लग चुके थे या यह नया संक्रमण नए वेरिएंट का नतीजा है? कोरोना अध्ययन के मोर्चे पर हमें लगातार काम करने की जरूरत है। वैसे, अभी ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं, पर सावधान रहना समय की मांग है।

> “ जांच की सुविधा तो लगभग हर जगह फिर चाक-चौबंद हो जानी चाहिए। सभी सरकारी अस्पतालों में अलग से यह व्यवस्था चलाने में कोई हर्ज नहीं है। बढ़ते मामलों में सबसे आगे महाराष्ट्र है और उसके बाद गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल हैं। इन राज्यों में किस तरह की सतर्कता बढ़ाई जा सकती है, यह विशेषज्ञों को तय करना चाहिए।

एकाधिक प्रकार के फ्लू फैल रहे हैं, इस बीच कोरोना वायरस भी हमला बोलने लगा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को छह सबसे अधिक प्रभावित राज्यों- महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक को विशेष रूप से सावधान किया है। जोखिम कितना है, निगरानी कैसी हो रही है, इसका आकलन लगातार करना जरूरी है। जांच की सुविधा तो लगभग हर जगह फिर चाक-चौबंद हो जानी चाहिए। सभी सरकारी अस्पतालों में अलग से यह व्यवस्था चलाने में कोई हर्ज नहीं है। बढ़ते मामलों में सबसे आगे महाराष्ट्र है और उसके बाद गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल हैं। इन राज्यों में किस तरह की सतर्कता बढ़ाई जा सकती है, यह विशेषज्ञों को तय करना चाहिए। वैसे भी देश के लगभग सभी राज्यों में वायरल इन्फ्लूएंजा के मामलों में वृद्धि हुई है और लक्षण कोविड-19 के समान हैं, जैसे कि गले में खराश, बुखार, बदन दर्द, थकान इत्यादि। वैज्ञानिकों को लग रहा है कि कोरोना का एक नया वेरिएंट ताजा संक्रमण के पीछे हो सकता है। यह कोविड-19 के एक्सबीबी श्रेणी का एक्सबीबी1.16 वेरिएंट है। तेजी से फैल रहे इस वेरिएंट को चीन, सिंगापुर, अमेरिका व अन्य देशों में भी पाया गया है। एक्सबीबी1.16 वेरिएंट वास्तव में एक्सबीबी1.15 वेरिएंट से नहीं निकला है, बल्कि यह अपने मूल एक्सबीबी श्रेणी से विकसित हुआ है, इसलिए यह ज्यादा संक्रमणशील है। इस कोविड वेरिएंट के सर्वाधिक 48 मामले भारत में बताए जा रहे हैं। सिंगापुर में 14 और अमेरिका में 15 मामले हैं, मतलब भारत को ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। कोरोना अभी गया नहीं है। अब भी दुनिया में प्रतिदिन एक लाख तीस हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं और 700 से ज्यादा लोगों की मौत हो रही है। आज जापान तो ज्यादा ही पीड़ित है, वहां कोरोना के एक करोड़ से ज्यादा सक्रिय मामले हैं, जबकि अमेरिका में अब भी 12 लाख से ज्यादा लोग पीड़ित हैं। उत्तर भारत में अभी ज्यादा चिंता की स्थिति नहीं है। उत्तर प्रदेश में कुल 61 सक्रिय मामले हैं। बिहार, झारखंड इत्यादि में तो अब यह कतई चिंता का विषय नहीं रह गया है। अच्छा है, भारतीयों को कोविड वैक्सीन की 220.64 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं, लेकिन तब भी देश-दुनिया में हो रहे संक्रमण पर निगाह रखना बहुत जरूरी है।

## भिलाई इस्पात संयंत्र और दल्ली राजहरा को संजीवनी देगा बस्तर

कहते हैं बस्तर के आदिवासी खुद भूखे रह जाते हैं, मगर मेहमान को खाना जरूर खिलाते हैं। बस्तर की माटी की भी तासीर कुछ इसी तरह की है। बस्तर की र प्रतिशतगर्भा धरती अपने लालों का तो ध्यान रखती ही है, दूर दराज के लोगों का भी भला और पोषण करती है। बस्तर की यही र प्रतिशतगर्भा धरती अब भिलाई इस्पात संयंत्र और दल्ली राजहरा को संजीवनी देने वाली है। यहां की धरती के एक और हिस्से में उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क का अकूत भंडार मिला है, जो न सिर्फ भिलाई इस्पात संयंत्र की धमन भट्ठीयों को धधकाए रखने में अहम भूमिका निभाएगा, बल्कि अंतिम सांसे गिन रहे दल्ली राजहरा को भी संजीवनी देगा। दरअसल बस्तर संभाग के कलमा नानगुर में स्थित लौह अयस्क खदान से अब भिलाई स्टील प्लांट को दल्ली राजहरा के रास्ते लौह अयस्क की आपूर्ति होगी। बस्तर संभाग के कलमा नानगुर में लौह अयस्क का बड़ा भंडार मिला है। वहां 44 एकड़ क्षेत्रफल में उच्च गुणवत्ता वाला लौह अयस्क उपलब्ध है। कलमा नागुर खदान के लौह अयस्क क्वालिटी 61 प्रतिशत आयरन कंटेंट वाली है। कलमा नानगुर खदान दल्ली राजहरा से महज 30 किमी दूर स्थित है। केंद्र सरकार के खनिज मंत्रालय, पर्यावरण मंत्रालय और इस्पात मंत्रालय ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने इस मामले में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। सूत्रों के मुताबिक कलमा नानगुर से लौह अयस्क सड़क मार्ग के जरिए पहले दल्ली राजहरा पहुंचेगा। दल्ली राजहरा खदान की वाशरी में धुलाई और सफाई के बाद लौह अयस्क को मालगाड़ियों के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र तक पहुंचाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि भिलाई इस्पात संयंत्र में लौह अयस्क आपूर्ति के लिए रावघाट माइंस को विकसित करने का काम लगभग पूरा हो चुका है, मगर कुछ अड़चनों की वजह से वहां खनन आरंभ नहीं हो सका है। रावघाट माइंस 220 एकड़ रकबे में फैला हुआ है। पेड़ों की कटाई की स्वीकृति न मिल पाने के कारण खनन अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। वहीं दूसरी ओर दल्ली राजहरा की खदानों में आयरन ओर समाप्ति की ओर है। वहां न के बराबर लौह अयस्क बचा रह गया है, जो भिलाई इस्पात संयंत्र की सांसों को ज्यादा दिनों तक थामे रख पाने में सक्षम नहीं है। ऐसी विषम परिस्थितियों के बीच कलमा नानगुर की खदान भिलाई इस्पात संयंत्र को नया जीवन देने वाली साबित होगी। बताया गया है कि कलमा नानगुर से लौह अयस्क दल्ली राजहरा तक सड़क मार्ग से ले जाया जाएगा। दल्ली राजहरा माइंस में आयरन ओर की धुलाई और सफाई के लिए वाशरी एवं अन्य उपकरण पहले से ही मौजूद हैं, जिनकी मदद से कमला नानगुर से पहुंचने वाले आयरन ओर की सफाई कर उसे मालगाड़ियों के जरिए भिलाई इस्पात संयंत्र भेजा जाएगा।

कलमा नानगुर में लौह अयस्क का खनन आरंभ हो जाने पर बस्तर के शिक्षित, प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं और मजदूरों को भरपूर रोजगार मिलेगा। बस्तरिहा मजदूरों को भी काम की तलाश में आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र की ओर कूच नहीं करना पड़ेगा। उन्हें कलमा नानगुर की लौह अयस्क खदान में ही काम मिलने लगेगा। विदित हो कि बस्तर के मजदूर हर साल मिर्च तोड़ाई और अन्य कार्य करने के लिए हर साल आंध्रप्रदेश जाते हैं। इसी तरह रोजी रोटी की तलाश में उन्हें तेलंगाना और महाराष्ट्र भी जाना पड़ता है। अब उन्हें पलायन के अभिशाप से मुक्ति मिल जाएगी। कलमा नानगुर लौह अयस्क खदान का सर्वाधिक लाभ कांकेर और नारायणपुर जिलों के बेरोजगारों और मजदूरों को मिलेगा। क्योंकि इन दोनों जिलों की सीमाओं पर ही कलमा नानगुर खदान स्थित है।

> “ विडंबना तो देखिए, जो नेता एक साथ खड़े होना पसंद नहीं करते थे, वे भ्रष्टाचार की जांच के लिए गले लगने को तैयार हैं। देश में अलिखित समझौता चल रहा था कि तुम हम पर कार्रवाई मत करना, हम तुम पर नहीं करेंगे। नरेंद्र मोदी ने इस मिथक को तोड़ दिया।

## वे चाहते हैं बिना जांच निर्दोष घोषित हो जाएं

सुशील कुमार मोदी, राज्यसभा सदस्य, भाजपा



यह आरोप सरासर गलत है कि सरकार ने ईडी, सीबीआई को नेताओं के पीछे लगा दिया है। ईडी का जो ताजा आंकड़ा आया है, उसमें धन शोधन कानून के तहत दर्ज मामलों में से महज तीन प्रतिशत ही नेताओं के खिलाफ हैं। यह जो नैरेटिव गढ़ा जा रहा है कि जांच एजेंसियों के जरिये विपक्षी नेताओं को तंग किया जा रहा है, यह बिल्कुल गलत है। यह ध्यान देने की बात है कि ईडी द्वारा आरोप साबित करने की जो दर है, वह 96 प्रतिशत है।

वास्तव में, कुछ नेता चाहते हैं कि बिना जांच ही उन्हें निर्दोष घोषित कर दिया जाए। ये ऐसा लोकतंत्र चाहते हैं, जिसमें नेताओं को भ्रष्टाचार की खुली छूट मिल जाए। अगर ये नेता भाजपा पर आरोप लगाते हैं, तो जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें नहीं हैं, वहां तो जांच कर ही सकते हैं। राज्य के पास अपनी एजेंसी होती है, भाजपा नेताओं के खिलाफजांच से कौन रोक रहा है, कीजिए जांच। जब भाजपा सत्ता में नहीं थी, तब आपको किसने जांच या कार्रवाई से मना किया था?

आज भ्रष्ट नेता ही निशाने पर हैं। देखिए, आज नीतीश कुमार के खिलाफ कहां कोई जांच चल रही है? लालू प्रसाद यादव का जो परिवार है, उसके खिलाफ तो 1996 से किसी न किसी मामले में जांच चल रही है। भाजपा नेतृत्व वाली सरकार के समय ही नहीं, कांग्रेस और अन्य पार्टियों के सरकार में रहते भी लालू के खिलाफ जांच, कार्रवाई व सजा हुई है। ओडिशा में नवीन पटनायक मुख्यमंत्री हैं, विपक्ष में हैं, एनडीए में शामिल नहीं हैं, पर उनके खिलाफकहां जांच चल रही है? तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेताओं के खिलाफ प्रमाण आधारित मामले हैं, पर ममता बनर्जी के खिलाफ तो कोई केस नहीं हुआ है? जिन भी नेताओं के खिलाफ पुख्ता शिकायत मिली है, उनके खिलाफ एजेंसियां काम कर रही हैं। बिना जांच मुकदमे कैसे बंद किए जा सकते हैं? विपक्ष के कुछ नेता जांच से बचने के लिए अदालत भी जा रहे हैं, लेकिन वहां भी कहां राहत मिल रही है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही कहा था कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। उनकी सरकार के खिलाफनौ साल में कोई भ्रष्टाचार का मामला नहीं बन पाया है। राफेल और अन्य आरोप लगाने की कोशिश हुई, लेकिन कोई आरोप चिपका नहीं। विपक्षी नेता न अपने दाग छिपा पा रहे हैं और न प्रधानमंत्री पर दाग लगा पा रहे हैं। अगर उन्हें लगता है कि गलत हुआ है, तो जाइए, अदालत है।

विडंबना तो देखिए, जो नेता एक साथ खड़े होना पसंद नहीं करते थे, वे भ्रष्टाचार की जांच के लिए गले लगने को तैयार हैं। देश में अलिखित समझौता चल रहा था कि तुम हम पर कार्रवाई मत करना, हम तुम पर नहीं करेंगे। नरेंद्र मोदी ने इस मिथक को तोड़ दिया। नरेंद्र मोदी के ही मामले को लें, उनके खिलाफ क्या नहीं किया गया? कांग्रेस ने बहुत कोशिश की, लेकिन पूरी जांच-पूछताछ-सुनवाई के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने क्लीन चिट दे दी। फिर भी बीबीसी के जरिये वही पुरानी 2002 की पिटी हुई कहानी सामने लाने की कोशिश हुई। बिना तथ्य आरोप लगाने की राजनीति का यह तरीका गलत है। तथ्य होगा, तो कार्रवाई होगी। अभी भाजपा शासित राज्य कर्नाटक में भाजपा विधायक के पुत्र पर लोकायुक्त पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले में उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत मिल गई, तो लोकायुक्त ने सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

इधर, लालू प्रसाद यादव को तो चार मामलों में सजा हो चुकी है। नौकरी के बदले जमीन का मामला भी नया नहीं है। 2008 में जद-यू के ललन सिंह, शरद यादव व मुख्तार अब्बास नकवी का एक प्रतिनिधिमंडल मनमोहन सिंह से मिलने गया था, तब लालू रेल मंत्री थे। शिकायत में कहा गया था कि रेल मंत्री रहते लालू यादव नौकरी दे रहे हैं और बदले में जमीन लिखवा रहे हैं। तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह कह दिया गया कि केस बंद कर दिया गया, जबकि सच यह है कि जांच शुरू ही नहीं हुई थी। इस मामले में प्रारंभिक जांच सीबीआई ने सितंबर 2021 में की है और मई 2022 में एफआईआर दर्ज की है और कार्रवाई हो रही है। इस घोटाले का एक उदाहरण देखिए, एक व्यक्ति को जमीन के बदले रेलवे में चतुर्थ श्रेणी की नौकरी मिली, उस व्यक्ति ने अपनी कीमती जमीन लालू परिवार के सदस्यों को गिफ्ट कर दी। इस मामले में वह व्यक्ति तीन महीने जेल में रहकर आया है। कुछ विपक्षी नेता सहानुभूति का कार्ड खेलना चाहते हैं, यह अब नहीं चलने वाला।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## विरोधियों को निशाना बनाने की हर कोशिश

मनोज झा, राज्यसभा सदस्य, राष्ट्रीय जनता दल



कुछ चीजें बहुत साफहोनी चाहिए, लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है। नतीजा यह कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तनाव शायद जरूरत से ज्यादा बढ़ता चला जा रहा है। वास्तविकता यह है कि जो लोग राजनीतिक-कानूनी जमीन पर हमसे लड़ नहीं पाए, वे हमें दूसरी वजहों से घेरने के काम में जुट गए हैं। आज विपक्ष के एक-दो नेताओं की बात नहीं है, अनेक नेता निशाने पर हैं। जो भी विपक्षी नेता वर्तमान सरकार का ज्यादा विरोध कर रहा है या सीधे राजनीतिक मुकाबले में आ रहा है, वह ईडी और सीबीआई के निशाने पर आ जा रहा है। सवाल बड़ा है कि क्या वाकई भ्रष्टाचार के खिलाफईमानदारी से कार्रवाई हो रही है? केवल दावे किए जा रहे हैं।

एक उदाहरण देखिए, असम में जो वर्तमान मुख्यमंत्री हैं, उनके खिलाफ कभी 242 पेज का डोजियर आया था, लेकिन जब वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए, तो एक तरह से तमाम आरोपों से बरी कर दिए गए। जो भी नेता भाजपा में गया, साफ-सुथरा हो गया। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस में रहे शुभेंदु अधिकारी के साथ भी यही हुआ, वह भाजपा पहुंचकर आरोप मुक्त हो गए। ऐसा क्यों है कि भाजपा का पटका पहनते ही ईडी, सीबीआई का निशाना या ध्यान भटक जाता है। आरोप पत्र गायब हो जाते हैं, कानूनी कार्रवाई को भुला दिया जाता है। आज भाजपा में जाकर सुकून हासिल करने वाले नेता भी खूब हैं और विपक्ष में रहकर तकलीफ पाने वाले भी बहुत हैं।

बिहार का ही उदाहरण अगर लें, तो कथित रूप से नौकरी के लिए भूमि मामला साल 2008 में ही जांच के बाद सीबीआई ने बंद कर दिया था। मामला साल 2009 में फिर खुला, लेकिन साल 2010 में सीबीआई ने इसे फिर बंद कर दिया। सीबीआई ने एकाधिक बार कहा कि यह मामला बनता ही नहीं है। मगर मामला साल 2017 में तब लौटा, जब भाजपा का जद-यू से गठबंधन टूट गया। राजद सत्ता में आ गई और भाजपा सत्ता से बाहर हो गई, तो सीबीआई ने मामले को फिर खोल दिया। इस पर तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी टिप्पणी की है और साफ कहा है कि परेशान किया जा रहा है। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे पहले भी परेशान कर चुकी है। साल 2017 में भी छापा मारा गया था, छह साल बाद फिर सक्रियता आई है, तो आखिर मंशा क्या है?

दरअसल, निशाने पर बिहार की सरकार है। जदयू-राजद गठबंधन को सीबीआई की कार्रवाई के जरिये तुड़वाकर सरकार गिराने का लक्ष्य है। बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को निशाने पर लिया गया है। तेजस्वी यादव परिपक्व नेता हैं, वह भागने वालों में नहीं हैं, वह राजनीतिक साजिश का सामना करेंगे और कामयाब होंगे। सीबीआई द्वारा यह पूरा मामला ही कल्पना के आधार पर बनाया गया है, इसमें कोई दम नहीं है। अगर मामले में दम था, तब सीबीआई ने पहले ही कार्रवाई क्यों नहीं की? स्वयं सीबीआई ने मामले को आगे चलाने लायक नहीं माना था। दरअसल, आज जो भी गंभीर विपक्षी नेता है, उसे निशाने पर लिया जा रहा है।


वैसे अभी असली संकट तो भाजपा के सामने है, जो उसके रवैये से भी जाहिर हो रहा है। सरकार अडानी मामले पर बुरी तरह घिरी हुई है, सुप्रीम कोर्ट ने भी जांच के लिए कह दिया है, लेकिन हम संयुक्त संसदीय समित (जेपीसी) द्वारा जांच की मांग कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट अडानी मामले में कानूनी पक्ष की पड़ताल करेगा, जबकि जेपीसी के जरिये राजनीतिक पहलू को देखा जाएगा। सरकार की कोशिश है कि लोगों का ध्यान अडानी मामले से हट जाए। इसके लिए छापा मारा जा रहा है, ईडी और सीबीआई को काम पर लगाया गया है। राहुल गांधी के बयान को निशाना बनाया जा रहा है। मूल कोशिश तो अडानी मामले पर बहस को रोकना है। बिहार में सरकार जाने की जो टीस है, उसे कम करने का काम भाजपा ने सीबीआई, ईडी को सौंप दिया है।

जनता सब देख रही है। साल 2024 में जनता अपना फैसला सुनाएगी। हमारी सरकार बनी, तो ईडी और सीबीआई की स्वायत्तता को सुनिश्चित किया जाएगा। एक नई शुरुआत करेंगे। आज केवल हम नहीं शिकायत कर रहे। पिछले वर्षों में सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई पर जो तल्ख टिप्पणियां की हैं, उस पर गौर कीजिए। अगर जांच एजेंसियां सरकार के पार्टनर के रूप में काम करेंगी, तो ऐसा ही होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## बच्चों और पशु-पक्षियों की दोस्ती से हमें सीखना चाहिए

क्षमा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार



जब से द एलीफेंट व्हिस्परर्स के ऑस्कर मिलने की बात पता चली, और हाथी के अनाथ बच्चे रघु व उसके आदिवासी पालक की कहानी बताती यह डॉक्यूमेंट्री देखी, तब से न जाने कितनी घटनाएं और वीडियो याद आ रहे हैं। बच्चों और जानवरों की दोस्ती के क्या कहने! आज का समाज चाहे जितना बदल गया हो, बच्चों और पशु-पक्षियों की दोस्ती में कोई कमी नहीं आई है। उनकी बेशुमार कहानियां भारत के हर घर में मौजूद हैं।

कई वीडियो तो ऐसे हैं, जिनको बार-बार देखने पर भी मन नहीं भरता। एक में नवजात शिशु को जब माता-पिता घर लाते हैं, तो शुरुआत में पालतू कुत्ते को बहुत बुरा लगता है, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता है, वह उस बच्चे के पालने के पास ही सोने लगता है। बच्चा रोता है, तो पालने को हिलाता है। माता-पिता भी छुएं, तो गुर्र-गुर्र की आवाज निकालता है। ऐसे ही दूसरे वीडियो में एक बच्चा बार-बार मां का दूध पीते पिल्लों को उठाकर लाता है। मां उसके पीछे आती है, अपने पिल्ले को बच्चे से छीनकर मुंह में दबाकर ले जाती है, मगर इस बात की सावधानी बरतती है कि बच्चे को उसके दांत न लगें। बंदरिया एक शिशु को दूध पिलाना चाहती है। जब मां बच्चे को आंचल में छिपा लेती है, तो वह जबर्दस्ती करती है। एक अन्य वीडियो में एक किशोर बस इतना चिल्लाता है कि अरे, मर गया, दूर घास चरती उसकी पालतू गाय तेजी से दौड़ती आती है और उसके पास खड़े लड़कों को खदेड़ती है। घर की पालतू बिल्ली अपने नवजात शिशु को सबसे पहले घर के बच्चे को दिखाने लाती है। हालांकि, कहा यह जाता है कि बिल्ली अपने बच्चों को लेकर बहुत आग्रही होती है। कोई उनको छूना चाहे, तो उस पर आक्रमण कर देती है।

इस लेखिका ने भी बहुत से जानवर पाले हैं। बिल्लियां भी। जब बिल्ली के बच्चे होते थे, उनकी आंखें भी नहीं खुली होतीं, घर के बच्चे उनको गोद में लिए फिरते थे। बिल्ली बड़े आराम से पैर फैलाकर सोती रहती थी। बचपन में एक तोता भी था। जो घर के अन्य सदस्यों को काटता था। बस मां को देखकर आंखें मूंद लेता था। मां उसकी गरदन पर हाथ फिराती, तो आंखें बंदकर, पंख फुलाकर मुंह से अजीब सी आनंद भरी आवाजें निकालता था। घर के पालतू कुत्ते से उसकी बड़ी दोस्ती थी। पिंजरा खोल दो, तब भी वह उससे उड़ता नहीं था। कुत्ते की पीठ पर सवारी करना उसे बहुत पसंद था। जब कुत्ता उससे तंग आ जाता और पीठ के बल लेट जाता, तो तोता टें-टें करता भागता था।

एनिड ब्लाइटन के उपन्यास द सीक्रेट आईलैंड में कई बच्चे अपने माता-पिता से दूर चुपके से रहने चले जाते हैं। वे अपने साथ एक गाय को भी ले जाते हैं। दरअसल, जानवरों से बेहतर कोई नहीं जानता कि किस पर विश्वास किया जा सकता है और किस पर नहीं? वे आपकी आंखें पढ़ सकते हैं और उनमें दिख रहे मनोभावों को तत्काल पकड़ सकते हैं, इसीलिए बच्चों से उनकी दोस्ती निराली होती है। बच्चों की आंखों में वह छल-कपट नहीं होता, जिसे बड़े होने पर हम सीख लेते हैं। इसीलिए वे जानवरों के स्वाभाविक दोस्त होते हैं और जानवर उनके।

द जंगल बुक की मोगली की कथा भी बच्चे और जानवरों की दोस्ती की कथा ही है। पैडिंगटन एक भालू की फिल्म है, जिसमें पेरू का एक भालू लंदन की यात्रा पर जाता है। उसे वहां एक घर की तलाश है। उसे लगता है कि शहर में आकर गलती की। मगर उसे दयालु ब्राउन परिवार मिलता है। इसके रचयिता माइकेल बॉन्ड की बेटी करेन जेंकेल ने कहा था कि वह इस फिल्म को देखकर रो पड़ी थी। इसी तरह, फर्डिनेंड एक सांड और बच्ची की दोस्ती पर बनी फिल्म है। इस सांड को बुल फाइट से नफरत है। वह फूलों और कोमल चीजों से प्यार करता है। एक बच्ची से उसकी दोस्ती है। वही उसे बचाती भी है।

ऐसी न जाने कितनी कहानियां हैं, जो दुनिया भर में बच्चों और जानवरों की दोस्ती की कथा कहती हैं। तोते, हाथी, तरह-तरह के पक्षी, मोर यहां तक कि कई बार खतरनाक जानवर भी बच्चों के दोस्त बन जाते हैं। हाल ही में एक खबर पढ़ रही थी कि एक लड़के ने मगरमच्छ पाल रखा है। वह उसके घर में ही रहता है, बल्कि घर में जो अन्य पालतू जानवर हैं, वह उनका दोस्त भी है। काश, हम बड़े भी बच्चों और जानवरों की ऐसी नि:स्वार्थ दोस्ती से कुछ सीख सकते!

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair



DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी




JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# सुभाषचन्द्र बोस और आजाद हिन्द फौज के विशेष संदर्भ में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में इतिहास अध्ययनशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में आज राष्ट्रीय आंदोलन की विभिन्न धाराएं- सुभाषचंद्र बोस और आजाद हिंद फौज के विशेष संदर्भ में विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वाधिकारी विभागध्यक्ष इतिहास विभाग, विश्वभारती विश्वविद्यालय कोलकाता प्रो. संदीप बसु थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संदीप बसु सर्वाधिकारी ने सुभाषचंद्र बोस जी के विभिन्न विचार एवं उनसे जुड़े गतिविधियों का उल्लेख करते हुए उनके राजनीतिक संघर्ष व प्रमुख संगठन एवं गांधी जी के द्वारा चलाए गए आंदालनों पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा स्वतंत्रता के लिए किये जा रहे प्रयासों को ऐतिहासिक दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. के.एल. वर्मा ने कहा कि नेताजी के संघर्ष व बलिदान वर्तमान प्रासंगिकता को दर्शाते है, जीवन में उनके विचार कहीं न कहीं हमसे संबंधित होते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. रमेन्द्रनाथ मिश्र ने सुभाषचंद्र बोस के विचारों को छत्तीसगढ़ में पड़ने वाले प्रभावों का उल्लेख किया। जिसमें विशेष रूप से बैरिस्टर छेदीलाल द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि प्रो. आभा रूपेन्द्र पाल ने नेताजी के क्रांतिकारी विचारों से संबंधित अत्याधुनिक सुविधाओं के अभाव होने पर भी नेताजी के द्वारा किए गए साहसिक अनछुए पहलुओं का उल्लेख किया। प्रो. मुकेश कुमार ने आधार वक्ता के रूप में सुभाषचंद्र जी द्वारा किए गए राष्ट्र निर्माण के संघर्ष एवं समानांतर भारतीय स्वाधीनता आंदोलन से संबंधित नेताओं के विचारों की भिन्नता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने स्मरण करते हुए कहा कि श्री बोस ने भारत की स्वतंत्रता के लिए विदेशों में संघर्ष किया। कार्यक्रम में ''रिविजिटिंग हिस्ट्री'' पुस्तक का विमोचन किया गया। यह पुस्ततक भारत के विभिन्न विद्वानों एवं शोधार्थियों के शोधपत्रों पर आधारित ऐतिहासिक ग्रंथ है। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती एवं नेताजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया, सरस्वती वंदना के साथ कुलगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत नन्हें पौधे प्रदान कर किया गया। स्वागत उद्बोधन विभागाध्यक्ष इतिहास अध्ययनशाला एवं प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं पुरातत्व के प्रो. प्रियवंदा श्रीवास्तव ने दिया। संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन संगोष्ठी के संयोजन डॉ. डी.एन.खुटे ने किया।



## खास खबर

### शिक्षित युवाओं के लिए 21 को प्लेसमेंट कैंप

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 21 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित है। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से जय अम्बे एमरजेंसी सर्विसेस (आई) प्रायवेट लिमिटेड द्वारा पायलेट एवं ईएमटी के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए 10वीं के साथ हैवी लायसेंस एवं एएनएम, जीएनएम, बी.एस.सी. नर्सिंग, बी.फर्मेसी, डीएमएलटी तथा बी.एम.एल.टी. उत्तीर्ण आवेदकों को प्राथमिकता दिया जाएगा। इन पदों पर चयन होने के उपरांत 11,440 से 12.245 हजार रूपये प्रतिमाह भुगतान किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित हो सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

### कलेक्टर ने तहसील कार्यालय अंबागढ़ चौकी का किया औचक निरीक्षण

**मोहला।** कलेक्टर मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एस जयवर्धन जिले में प्रशासनिक कसावट, कार्य कुशलता एवं दक्षता लाने तहसील कार्यालयों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज कलेक्टर जयवर्धन ने आज तहसील कार्यालय अंबागढ़ चौकी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में लंबे समय से लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पूर्ण दस्तावेज नहीं मिलने पर सहायक ग्रेड-3 मती युगेश्वरी कश्यप को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक सेवा केन्द्र में आए जनसामान्य से बात की। कलेक्टर ने लोक सेवा केंद्र में पहुंचे आम नागरिकों से आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड अद्यतन करने के कार्य में गति लाने लोक सेवा केन्द्र संचालक को निर्देश दिये। इस दौरान तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, रिकार्ड रूम, निर्वाचन कक्ष, लोक सेवा केंद्र पहुंच कर रिकार्ड फाइलों एवं संधारित पंजियों की जांच की। इस अवसर पर एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य, दिनेश साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 3238 करोड़ का प्रावधान

# मंत्री रविन्द्र चौबे के विभागों के लिए 16794 करोड़ 55 लाख 24 हजार रुपए की अनुदान मांगे पारित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज संसदीय कार्य, कृषि, पशुपालन, मछलीपालन, जल संसाधन तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे के विभागों के लिए कुल 16794 करोड़ 55 लाख 24 हजार रुपए की अनुदान मांगे सर्वसम्मति से पारित की गईं।

इनमें राज्य विधान मंडल के लिए 79 करोड़ 88 लाख 47 हजार रुपए, कृषि विभाग के लिए 5354 करोड़ 96 लाख 13 हजार रुपए, पशुपालन विभाग के लिए 526 करोड़ 83 लाख 57 हजार रुपए, मछलीपालन विभाग के लिए 93 करोड़ 22 लाख 51 हजार रुपए, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा से संबंधित व्यय के लिए 315 करोड़ नौ लाख दस हजार रुपए, जल संसाधन विभाग के लिए 1254 करोड़ दो लाख 69 हजार रुपए, लघु सिंचाई निर्माण कार्य के लिए 841 करोड़ 84 लाख 33 हजार रुपए, जल संसाधन विभाग से संबंधित नाबार्ड से सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए 614 करोड़ 71 लाख रुपए, जल संसाधन विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए 76 करोड़ 20 लाख रुपए, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिए 4402 करोड़ 59 लाख 90 हजार रुपए तथा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता के लिए 3235 करोड़ 17 लाख 54 हजार रुपए शामिल हैं। संसदीय कार्य, कृषि, पशुपालन, मछलीपालन, जल संसाधन तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। यहां की 85 प्रतिशत आबादी कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर निर्भर है, बांकी अन्य 15 प्रतिशत भी इन्हीं से जुड़े हुए हैं। हमने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कृषि को केन्द्र में रखकर कार्य किया। इस कारण आज कृषि तथा अन्य संबंधित क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। बीजापुर जैसे क्षेत्र में जहां साल में दो से तीन ट्रैक्टर की बिक्री होती थी, वहां ट्रैक्टर की दुकान खुल गई है। उन्होंने कहा कि कृषि तथा उससे संबद्ध विभाग के बजट में वर्ष 2019-20 की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जहां वर्ष 2017-18 में 38.81 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में 8623.5 हजार मीटरिक टन धान का उत्पादन हुआ, वहीं यह वर्ष 2022-23 में 39 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में 140 लाख मीटरिक टन उत्पादन अनुमानित है। वर्ष 2017-18 में 12 लाख किसानों से 57 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी की गई थी, जबकि 2022-23 में 23.42 लाख किसानों से 107 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी की गई। उन्होंने कहा कि विगत चार वर्षों में रबी फसलों के रकबे में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साथ ही दलहनी फसलों के क्षेत्र में 84 हजार हेक्टेयर और लघु धान्य फसलों (कोदो, कुटकी व रागी) के रकबे में 40 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। श्री चौबे ने कहा कि हमने मिलेट्स मिशन की शुरूआत की और कोदो, कुटकी व रागी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में खरीदी की दर तय की। प्रदेश में वर्ष 2021-22 में 52 हजार 728 क्विंटल तथा इस वर्ष अब तक 39 हजार 410 क्विंटल कोदो, कुटकी एवं रागी की खरीदी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2021 के लगभग 23 लाख किसानों को अंतिम किश्त सहित 7028 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। साथ ही इनपुट सब्सिडी के रूप में 18 हजार 570 करोड़ रूपए का भुगतान अंतिम किश्त सहित किया जाएगा।



# कुपोषण मुक्ति और कैंसर जागरूकता अभियान की ओर बढ़ते कदम

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। कलेक्टर डोमन सिंह की पहल पर जिले को कुपोषण मुक्त जिला बनाने की दिशा में अमल करना शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर के प्रयासों से एक अभिनव पहल करते हुए जिले को कुपोषण मुक्त जिला एवं कैंसर जागरूकता के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने आज स्वयंसेवी एवं औद्योगिक संगठनों की बैठक लेकर इस अभियान में सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे आने प्रेरित किया।

विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवी संस्थाओं के साथ-साथ औद्योगिक संगठनों ने इस महत्वपूर्ण अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की सहमति दी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कुल 900 गंभीर कुपोषित बच्चे हैं। आगामी तीन माह को लक्ष्य में रखकर बच्चे के पोषण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से दो समय गर्म भोजन और एक समय पूरक पोषण आहार प्रदाय किया जा रहा है। इस दौरान बताया गया कि विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाजसेवी संस्थाओं द्वारा पौष्टिक किट प्रदाय किया जा रहा है। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित संगठनों से अनुरोध करते हुए कहा कि बच्चे के संपूर्ण जीवन को मजबूती प्रदान करने और भविष्य में उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मजबूती के साथ कुपोषण को समाप्त करना आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि इस उम्र में बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। सही उम्र में शारीरिक और मानसिक विकास नहीं होने पर बच्चे ताउम्र कमजोर हो जाते हैं। कलेक्टर ने सभी संगठनों को आगे आकर सहयोग करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग समाज की विकास की रूपरेखा को रेखांकित करता है। महिलाओं एवं बच्चों के विकास के बिना समाज का विकास अधूरा है। उन्होंने इस बात को ध्यान में रखते हुए हर स्तर पर महिलाओं एवं बच्चों के विकास पर कार्य योजना को मूर्त रूप देने कहा। राजाराम फाउंडेशन द्वारा बताया गया कि सोमनी परिक्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में उनके द्वारा पौष्टिक किट प्रदाय किया जा रहा है। इसी प्रकार अन्य संगठनों ने भी इस महत्वपूर्ण अभियान में हर संभव प्रयास और सहयोग पर अपनी सहमति प्रदान की। कैंसर पर जन-जागरूकता अभियान चलाए जाने के संबंध में अपने सुझाव दिए दीक्षा फाउंडेशन द्वारा बताया गया कि महिलाओं को स्तन कैंसर हो जाने पर महिलाओं के मनोबल और आत्मविश्वास को खत्म कर देता है।

# संवाद के माध्यम से बूथों को सशक्त करेगी भाजपा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के महती अभियान बूथ सशक्तिकरण की शुक्रवार को शुरुआत हुई। यह अभियान पूरे प्रदेश में आगामी 27 मार्च तक जारी रहेगा। विदित रहे, भाजपा का यह बूथ सशक्तिकरण अभियान देशभर में आहूत है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री व बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम के संयोजक विजय शर्मा ने जानकारी दी कि बूथ सशक्तिकरण अभियान में प्रदेश में निवासरत भाजपा के राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेताओं पदाधिकारियों व सांसद विधायक सहित जनप्रतिनिधियों से लेकर मंडल इकाई तक के पदाधिकारी हरेक बूथ तक पहुंचेंगे। इस दौरान बूथ केंद्रों को सशक्त और सक्रिय करने के लिए कार्यकर्ताओं में दायित्वों का विभाजन किया जाएगा। इस पूरे अभियान में पार्टी के अल्पकालिक विस्तारक अपने-अपने बूथों में 10 दिन का पूरा समय देकर इस अभियान को पूरा करेंगे। प्रदेश के लगभग 4 हजार 4 सौ विस्तारकों ने शुक्रवार को पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों के साथ बूथों पर पहुंचकर अपनी कार्ययोजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

# इनर व्हील रायपुर ग्रेटर का नो-स्पिट मूवमेंट रविवार से

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्वच्छतम शहर के रूप में रायपुर शहर को पहचान दिलाने रायपुर नगर निगम के प्रयासों में स्वयंसेवी संगठन भी अपनी सहभागिता दे रहे हैं। इनर व्हील क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर की महिलाएं सार्वजनिक स्थलों पर थूंकने की प्रवृत्ति को रोकने यह अभियान शुरू कर रही हैं, इसके लिए वे जन जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए सड़कों, कार्य स्थलों, व्यावसायिक परिसरों की खुली जगहों पर थूंकने वालों को समझाईश देकर स्टार्ट अप द्वारा तैयार किए गए स्मार्ट सॉल्यूशन के उपयोग हेतु प्रेरित करेंगी।

इनर व्हील क्लब रायपुर की अध्यक्ष साक्षी जैन के अनुसार खुली जगह पर थूंकने की प्रवृत्ति न सिर्फ गंदगी व बीमारियों को बढ़ावा देती है, बल्कि साफ-सुथरे परिसर व शहर को बदरंग करती है।

ऐसे लोगों को समझाईश देने रायपुर स्मार्ट सिटी व नगर निगम के साथ मिलकर इनर व्हील रायपुर ग्रेटर 'नो-स्पिट मूवमेंट' संचालित कर रही है। साक्षी के अनुसार कई शहरों में पीकदान के तौर पर स्मार्ट स्पिट कप व स्पिट बिन का उपयोग लोग कर रहे है, जिस पर थूंकने से तुरंत यह पीक जेली में परिवर्तित होकर गंदगी फैलने से रोकता है। थूंकने से बीमारियों की भी संभावना बढ़ती है, इसलिए ऐसे घरों में जहां पान, गुटका के सेवन के आदी रहते है, या टी.बी. या अन्य संक्रामक बीमारियों के मरीज निवासरत है, उनके लिए भी यह स्पिट कप या बिन अत्यधिक उपयुक्त है।

इनर व्हील अध्यक्ष साक्षी ने यह भी बताया है कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने रायपुर स्मार्ट सिटी लि. व रायपुर नगर निगम के साथ मिलकर संस्था की महिलाएं अभियान संचालित कर रही है। स्मार्ट सॉल्यूशन के तहत स्टार्ट अप कंपनी द्वारा तैयार किए गए बायो डिग्रेडेबल स्मार्ट स्पिट कप व स्पिट बिन भी इनर व्हील द्वारा निःशुल्क वितरित किए जा रहे है। उन्होंने आगे बताया कि यह उत्पाद दुर्गंध रहित, पर्यावरण अनुकूल, छलकन रोधी होने के कारण उपयोग हेतु सरल व उपयुक्त है। उन्होंने बताया कि 19 मार्च को सुबह 7 बजे ऑक्सीजोन पंडरी से इस अभियान की शुरूआत होगी।

# मुख्यमंत्री से हुई छोटी सी मुलाकात में ही स्कूली बच्चों की मांग हुई पूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। बालोद जिले के ग्राम पीपरछेड़ी में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की स्कूली बच्चों के साथ हुई छोटी सी मुलाकात में ही उनकी मांग पूरी हुई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल विगत माह फरवरी में एक कार्यक्रम में शामिल होने जिले के बालोद विकासखंड के ग्राम पीपरछेड़ी पहुँचे थे।

जहां कार्यक्रम से वापस लौटने के दौरान स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री के साथ फोटो लेने की ईच्छा जाहिर की। जिस पर मुख्यमंत्री बघेल ने बच्चों के पास पहुंचकर बड़े ही उत्साह भरे माहौल में बच्चों के साथ फोटो खिंचवाया। इस दौरान बच्चों ने मुख्यमंत्री से अपने स्कूल के लिए नए भवन बनाने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों को नया भवन निर्माण कराने का भरोसा दिलाया था। मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों को दिए गए इस भरोसे को त्वरित अमल में लाने जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई।

जिसके फलस्वरूप शासन द्वारा ग्राम पीपरछेड़ी में हायर सेकेंडरी स्कूल के नवीन भवन निर्माण हेतु 01 करोड़ 21 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृति उपरांत अब स्कूल भवन निर्माण हेतु कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बच्चों को दिए गए नवीन स्कूल भवन निर्माण के भरोसे को अब अमल में लाया जाएगा और स्कूली बच्चों को नवीन भवन की सौगात प्रदान की जाएगी।



आवश्यकता है
लड़के एवं लड़कियों की
वेतन चार अंकों में
भिलाई मसाला उद्योग
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766


BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# प्रधानमंत्री वैश्विक आर्थिक विकास हेतु शांति के पक्षधरः राज्यपाल विश्वभूषण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने मैटस विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ रिसर्च कांन्क्लेव 2023 में मुख्य अतिथि के रूप में अपना उद्बोधन दिया। इस सम्मेलन का विषय ''वैश्विक वितीय एवं आर्थिक परिवर्तन: विकास पर प्रभाव'' था। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विचार है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए विश्व मे शांति स्थापित होना पहली प्राथमिकता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्तमान में रूस और यूक्रेन के बीच चल रहें युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति का मार्ग अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि युद्ध केवल विनाश की ओर ले जाता है। यह मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध है। युद्ध के कारण अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे न केवल विश्व की वित्तीय व्यवस्था बल्कि सामाजिक व्यवस्था भी कमजोर हो जाती है। इसका प्रभाव लोगों के ऊपर पड़ता है और आम जनता को आर्थिक बदहाली से गुजरना पड़ता है। इसलिए युद्ध और नरसंहार




की कीमत पर किसी भी समस्या का हल नहीं निकल सकता है। इसे बातचीत के जरिए ही सुलझाने का रास्ता निकाला जाना चाहिए। विश्व ने दो महायुद्ध और उसके दुष्परिणाम देखे हैं। इनसे दुनिया को सबक लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका, चीन, जापान, और जर्मनी के बाद विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को पांच ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने का जो सपना देखा था वह अब वास्तविक स्वरूप ले रहा है। भारत के लाखों वंचित वर्गो को बैंकिंग तंत्र से जोड़ा गया है और करोड़ों युवाओं को 20 लाख करोड़ से अधिक का मुद्रा ऋण बिना बैंक गारंटी स्वीकृत किया गया है। स्थानीय कुटीर उद्योग एवं उत्पादों को बढ़ावा देने की प्रधानमंत्री की योजना से हजारों युवाओं को रोजगार मिला है। इस अवसर पर राज्यपाल हरिचंदन ने स्मारिका का विमोचन किया। मैट्स विश्वविद्यालय की ओर से राज्यपाल को पुस्तक, शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार मे विभिन्न राज्यों के शोधकर्ताओं एवं शिक्षाविदों ने इस विषय पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि लुभा मुखर्जी, मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति के.पी.यादव, शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## खास खबर...



### पोषण पखवाड़ा का आयोजन 20 मार्च सेः प्रदेश में पोषण जागरूकता के लिए आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों तथा महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल संबंधी जागरूकता और आदतों में सुधार लाने के लिए जनजागरूकता के उद्देश्य से 20 मार्च से 03 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा के दौरान जागरूकता रथ द्वारा प्रमुख पंचायतों एवं हाट-बाजारों में महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं देखभाल संबंधी उचित आदतों के विकास एवं सुधार के संबन्ध में वीडियो क्लिप का प्रदर्शन करते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

गौरतलब है कि कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित व्यवहार परिवर्तन पोषण अभियान का एक प्रमुख उद्देश्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए मार्च एवं अप्रैल माह में पोषण पकवाड़े का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र महासभ द्वारा इंटरनेशनल मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए इस साल पोषण पकवाड़ा के दौरान मिलेट्स से मिलने वाले पौष्टिक लाभ के प्रति जन-जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित किए जाऐंगे।

### कस्टम मिलिंग के लिए 105.55 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की कुशल प्रबंधन के कारण अब तक कस्टम मिलिंग के लिए 105.55 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है, जबकि 107.53 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष किसानों से समर्थन मूल्य पर 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की सफलतापूर्वक खरीदी की गई है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए सीधे उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव शुरू किया गया था, जिसके चलते राज्य सरकार को परिवहन व्यय में काफी कमी आयी है। इसके साथ ही धान खरीदी के बाद धान उठाव की लंबी प्रक्रिया से भी निजात मिली है। राज्य सरकार ने इस वर्ष 23 लाख 42 हजार से अधिक किसानों से 31 जनवरी 2023 तक 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। किसानों को धान खरीदी के एवज में 22 हजार 67 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है।

# पत्रकारों के हित और उनकी सुरक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ हो रहे कार्यः मुख्यमंत्री बघेल

## राजधानी में आयोजित इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन के सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के तत्वाधान में रायपुर के जोरा स्थित पंजाब केसरी भवन में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके आयोजकों की ओर से पर पत्रकारों को पुरोधा पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया। इनमें रायपुर के अलावा बस्तर, सरगुजा, रायपुर तथा दुर्ग संभाग के पत्रकार भी सम्मानित हुए।



इस अवसर पर प्रदेश में पत्रकारों के हित में छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी सुरक्षा विधेयक संबंधी अहम निर्णय पर मुख्यमंत्री बघेल का पत्रकार कल्याण संघ की ओर से अभूतपूर्व स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया गया। इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा यह दो दिवसीय आयोजन राजधानी रायपुर में 18 मार्च तक किया गया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन छत्तीसगढ़ में हो रहा है, यह बहुत ही गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संप्रेषण के प्लेटफार्म में बढ़ोत्तरी होने के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में अनेक चुनौतियां भी बढ़ी हैं। सबसे बड़ी चुनौती तो यही है कि पत्रकारिता के मूल्य को कैसे बचाए रखा जाए। मुझे बताया गया है कि इस आयोजन में देश भर के पत्रकार शामिल हो रहें है। इसलिए मेरी उम्मीद है कि सम्मेलन में इस विषय पर गहन विमर्श होगा और पत्रकारिता तथा पत्रकारों के हित में व्यापक निर्णय लिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि आज ही मंत्रिपरिषद की बैठक में हमारी सरकार ने प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लाने के संबंध में निर्णय लिया गया है। हमारी सरकार प्रदेश में प्रेस की स्वतंत्रता के लिए कृत संकल्पित है और उसके लिए हमने शासन मे आते ही क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया है। इसी तरह हमारे पत्रकार साथियों के स्वयं के मकान पर सपना पूरा हो सके, इसके लिए इस साल के बजट में हमने पत्रकारों के लिए गृह निर्माण ऋण ब्याज अनुदान योजना लागू करने के लिए 50 लाख रूपए का प्रावधान किया है। इस तरह प्रदेश में पत्रकारिता के सभी माध्यमों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार आशिफ इकबाल ने की मंच का संचालन पत्रकार वी डी निजामी ने किया और आभार प्रदर्शन कोरबा के गेंद लाल शुक्ला ने किया। मुख्यमंत्री का स्वागत बिलासपुर के महेश कुमार तिवारी तथा विनोद श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। मुख्यमंत्री के साथ पत्रकार अभिषेक शर्मा मौजूद रहे ।

### 'तंबाकू उत्पादों को कहो ना' का संदेश देकर मना तंबाकू निषेध अभियान दिवस

**रायपुर (ए)।** राज्य में तंबाकू उपयोग विशेषकर गैर धूम्रपान या चबाने वाला तंबाकू का उपयोग अत्यधिक किया जाता है। इस चिंतनीय विषय के प्रति लोगों में जन चेतना जागृत करने और गैर घूम्रपान या चबाने वाले तंबाकू का उपयोग नहीं करने का संदेश देते हुए शुक्रवार को ' तंबाकू उत्पाद निषेध अभियान दिवस' मनाया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश में उपरोक्त दिवस पर एक ओर जहां 'सिगरेट एवं तंबाकू उत्पादों को कहो का ना' का संदेश दिया गया। वहीं दूसरी ओर प्रदेश को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए कोटपा अधिनियम 2003 की धाराओं का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही भी हुई।

इसके अलावा तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थानों एवं चालानी कार्यवाही के संबंध में अद्यतन जानकारी टोबैको मोनिटरिंग ऐप के माध्यम से करने का आह्वान किया गया। राज्य में तंबाकू उपयोग विशेषकर गैर धूम्रपान या चबाने वाला तंबाकू अत्याधिक उपयोग किया जाता है, जो कि चिंतनीय है।

# एम्स में किडनी ट्रांसप्लांट से युवक को मिली नई जिंदगी

### नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग के संयुक्त प्रयासों के बाद तीसरा निःशुल्क किडनी ट्रांसप्लांट

**रायपुर (ए)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में एक बार पुनः तीसरी बार किडनी ट्रांसप्लांट कर 19 वर्षीय युवक को नई जिंदगी प्रदान की गई। यह युवक किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित था जिसे ब्रेन डेड नर्स की किडनी ट्रांसप्लांट कर 20 दिन तक चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया। अब स्वस्थ होने के बाद युवक को डिस्चार्ज कर दिया गया है।



बलौदाबाजार निवासी श्रमिक वर्ग के परिवार का 19 वर्षीय युवक बी.एससी. प्रथम वर्ष का छात्र है। भूख न लगने और चेहरे पर सूजन रहने की वजह से चिकित्सकों ने जब चेकअप किया तो युवक गंभीर किडनी रोग से पीड़ित मिला। प्रारंभ में डायलिसिस की मदद से उपचार प्रदान किया गया। इसके बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए किडनी ट्रांसप्लांट का निर्णय लिया गया। किडनी दान देने के लिए मां-बाप तैयार थे परंतु मां को टीबी होने और पिता की किडनी कमजोर होने के कारण इसे केडेवर किडनी ट्रांसप्लांट का निर्णय लिया गया। एम्स की नर्सिंग ऑफिसर के ब्रेन डेड होने के बाद इसकी किडनी युवक के लिए उपयुक्त पाई गई और 26 फरवरी को किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। यह एम्स में तीसरा किडनी ट्रांसप्लांट था जिसमें नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठौर और यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अमित आर. शर्मा के साथ एनेस्थिसियालॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. एन.के. अग्रवाल के निर्देशन में संयुक्त रूप से ऑपरेशन किया।ऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ. दीपक बिस्वाल, डॉ. रोहित बड़गे, डॉ. जीतेंद्र शामिल थे। नर्सिंग विभाग से विशोक एन और रविचंद्रन ने विशेष भूमिका निभाई। 20 दिन चिकित्सकों की सघन निगरानी में रखने के बाद युवक को गत दिवस डिस्चार्ज कर दिया गया। ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पूर्णतः निशुल्क किया गया। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों की टीम को इसके लिए बधाई दी है।

### 'नो-स्पिट' मूवमेंट कल सेः पान-गुटका थूककर गंदगी फैलाने वालों को देंगे समझाइश

**रायपुर (ए)।** स्वच्छतम शहर के रूप में रायपुर शहर को पहचान दिलाने रायपुर नगर निगम के प्रयासों में स्वयंसेवी संगठन भी अपनी सहभागिता दे रहे हैं। इनर व्हील क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर की महिलाएं सार्वजनिक स्थलों पर थूंकने की प्रवृत्ति को रोकने यह अभियान शुरू कर रही हैं। इसके लिए वे जन जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए सड़कों, कार्य स्थलों, व्यावसायिक परिसरों की खुली जगहों पर थूंकने वालों को समझाईश देकर स्टार्ट अप द्वारा तैयार किए गए स्मार्ट सॉल्यूशन के उपयोग हेतु प्रेरित करेंगी।

इनर व्हील क्लब रायपुर की अध्यक्ष साक्षी जैन के अनुसार खुली जगह पर थूंकने की प्रवृत्ति न सिर्फ गंदगी व बीमारियों को बढ़ावा देती है, बल्कि साफ-सुथरे परिसर व शहर को बदरंग करती है। ऐसे लोगों को समझाईश देने रायपुर स्मार्ट सिटी व नगर निगम के साथ मिलकर इनर व्हील रायपुर ग्रेटर 'नो-स्पिट मूवमेंट' संचालित कर रही है। साक्षी के अनुसार कई शहरों में पीकदान के तौर पर स्मार्ट स्पिट कप व स्पिट बिन का उपयोग लोग कर रहे है, जिस पर थूंकने से तुरंत यह पीक जेली में परिवर्तित होकर गंदगी फैलने से रोकता है। थूंकने से बीमारियों की भी संभावना बढ़ती है।

# राशन कार्डधारियों को अप्रैल और मई माह का राशन मिलेगा एक साथ

### खाद्य विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को पत्र जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत पात्र राशन कार्डधारियों को माह अप्रैल और मई का राशन एक साथ प्रदान किया जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि



खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में कस्टम मिलिंग के पश्चात् चावल उपार्जन के लिए गोदामों में पर्याप्त स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य शासन द्वारा पीडीएस एवं सार्वभौम पीडीएस के तहत प्रचलित सभी राशनकार्डधारियों को माह अप्रैल और मई का चावल एक साथ वितरण करने का निर्णय लिया गया है।

खाद्य विभाग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि राशनकार्डधारियों को माह अप्रैल और मई का राशन वितरण किए जाने हेतु खाद्यान्न का भंडारण उचित मूल्य दुकानों में समय पर किया जाए तथा अन्नवितरण पोर्टल में इस संबंध में माहवार वितरण दर्शाने के लिए आवश्यक व्यवस्था किया जाए। भंडारित खाद्यान्न की निगरानी समिति तथा खाद्य अधिकारियों के माध्यम से पुष्टि कराया जाए। पत्र में यह भी कहा गया है कि दो माह के चावल वितरण संबंधी सूचना राशन कार्डधारियों को मुनादी और उचित मूल्य की दुकानों पर पोस्टर एवं बैनर प्रदर्शित कर की जाए। चावल को छोड़कर शेष राशन सामग्री जैसे नमक, शक्कर, कैरोसीन और चना आदि माहवार पात्रतानुसार वितरण करने को कहा गया है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट,
पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई,
न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn.
& Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR
BOOT HOUSE
Jawahar Market,
Power House
Bhilai 9826181183



# गैस्ट्रोएंटाराइटिस से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं ये 5 घरेलू नुस्खे

यदि आप पेट में ऐंठन, उल्टी और दर्द का अनुभव कर रहे हैं तो हो सकता है कि आपको गैस्ट्रोएंटेराइटिस हुआ है। इसे आमतौर पर पेट के फ्लू के रूप में जाना जाता है। अध्ययनों के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर कई लाख लोग इससे पीड़ित हैं। आइए आज हम आपको इससे राहत दिलाने वाले पांच घरेलू नुस्खे बताते हैं, लेकिन गैस्ट्रोएंटेराइटिस के लक्षण एक सप्ताह से अधिक समय तक बने रहते हैं तो डॉक्टर से संपर्क करें।

### सेब का सिरका है प्रभावी

सेब के सिरके में ई कोलाई जैसे रोगाणुओं के खिलाफ शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं और ये बैक्टीरियल गैस्ट्रोएंटेराइटिस के प्रभाव को कम करने में सक्षम हो सकते हैं। लाभ के लिए एक कप गुनगुने पानी में एक बड़ी चम्मच कच्चा सेब का सिरका मिलाएं और फिर इस मिश्रण का सेवन करें। आप इस एक कप मिश्रण को दिनभर में घुंट-घुंट करके तब तक पीएं जब तक कि आप अपने लक्षणों में सुधार न देखें।

### शहद का करें इस्तेमाल

शहद के एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी गैस्ट्रोएंटेराइटिस को धीरे-धीरे दूर करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एक कप पानी में एक से दो चम्मच कच्चा शहद मिलाएं और फिर इस घोल का सेवन करें। आप अपने बच्चे को दिए जा रहे ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ORS) में भी शहद मिलाकर दे सकते हैं। हालांकि, अगर आपका बच्चा 1 वर्ष से कम उम्र का है तो उसे किसी भी तरह से शहद देने से बचें।

### अदरक का सेवन दिलाएगा राहत

अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो गैस्ट्रोएंटेराइटिस से जुड़े लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एक कप पानी में एक इंच कटा हुई अदरक डालें और फिर इसे एक सॉस पैन में उबालें। अब इस मिश्रण को छानकर एक कप में डालें और इसका सेवन करें। आप दिन में दो बार इस पेय का सेवन कर सकते हैं।

### हल्दी भी कर सकती है मदद

हल्दी में मौजूद करक्यूमिन और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण गैस्ट्रोएंटेराइटिस और इसके कारण होने वाली सूजन का तेजी से उपचार करने में सहायक हो सकते हैं। लाभ के लिए एक गिलास गरम दूध में एक चम्मच हल्दी पाउडर डालकर अच्छे से मिलाएं और फिर इस मिश्रण को सेवन कर लें। जब तक यह समस्या दूर न हो तब तक इस मिश्रण का रोजाना दिन में एक बार सेवन जरूर करें।

### कैमोमाइल टी पीएं

कैमोमाइल टी एंटी-पैरासिटिक, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-डायरियल गुणों से युक्त होती है। ये सभी गुण संयुक्त रूप से गैस्ट्रोएंटेराइटिस से बचाव में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एक कप पानी में एक चम्मच सूखे कैमोमाइल के फूल को डालकर उबाल लें। लगभग 10 मिनट उबलने के बाद इसे छानकर पी लें। स्वाद के लिए इसमें शहद भी डाल सकते हैं। दिन में दो से तीन बार इस चाय को पीना लाभदायक है।

क्रंच बनाम सिट-अप्स

# किस एक्सरसाइज का चयन करना रहेगा ज्यादा बेहतर?

शरीर को फिट एंड फाइन बनाए रखने में कई तरह की एक्सरसाइज हैं। वर्तमान में लोगों के बीच क्रंच काफी मशहूर है, वहीं सिट-अप्स का बोलबाला भी कुछ कम नहीं है। हालांकि, कई लोग क्रंच और सिट-अप्स के बीच चयन करने में भ्रमित होते हैं। इसका कारण है कि दोनों की मुद्रा एक जैसी है, लेकिन इनकी तकनीक अलग-अलग है। आइए आज हम आपको दोनों एक्सरसाइज करने का तरीका और इनके फायदे बताते हैं।



### कैसे की जाती है क्रंच एक्सरसाइज?



सबसे पहले जमीन पर पीठ के बल लेट जाएं। अब दोनों पैरों को घुटनों से मोड़ते हुए तलवों (पगतलियों) को फर्श पर रखें। इसके बाद दोनों हाथों की उंगलियों को आपस में मिलाएं और उन्हें सिर के पीछे के हिस्से पर रखें। इस दौरान गर्दन को सीधा रखें और फिर सांस छोड़ते हुए कंधों को फर्श से थोड़ा ऊपर उठाएं। इसके बाद सांस लेते हुए सिर और कंधों को नीचे फर्श पर रखें। ऐसा 15-20 बार करें।

### सिट-अप्स एक्सरसाइज कैसे की जाती है?

सिट-अप्स के लिए सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर सीधे लेट जाएं। अब दोनों हाथों को सीधा फर्श पर रखें और दोनों पैरों को घुटनों से मोड़ कर जमीन पर रखें। इसके बाद दोनों हाथों को ऊपर ले जाकर सिर के पीछे रख लें और सांस छोड़ते हुए शरीर के ऊपरी हिस्से को उठाकर घुटनों के करीब लाएं। अब सांस लेते हुए फिर से लेट जाएं। ऐसा 10-12 बार करें।

### क्रंच के फायदे

रोजाना क्रंच एक्सरसाइज करने से पेट की अतिरिक्त चर्बी कम करने के साथ आकर्षक एब्स बनाने में भी मदद मिल सकती है। पाचन क्रिया को मजबूत करने के लिए भी क्रंच एक्सरसाइज अच्छी मानी जाती है। इसी तरह शरीर को लचीला बनाने, कैलोरी को जलाने, वजन कम करने, पीठ और गर्दन पर सकारात्मक प्रभाव डालने में भी यह काफी मददगार है। इसका नियमित अभ्यास आपको दिनभर तरोताजा रखने के साथ सक्रिय भी रखता है।

### सिट-अप्स करने से मिलने वाले लाभ

सिट-अप एक्सरसाइज पेट की मांसपेशियों को मजबूती देने में मदद कर सकती है। यह दर्द और तनाव को कम करके ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने और शरीर की मुद्रा को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। सिट-अप रीढ़ की हड्डी में खिंचाव और जकड़न से राहत दिलाकर गतिशीलता और लचीलेपन बढ़ाने में भी सहायक है। यह एक्सरसाइज पल्मोनरी फंक्शन में सुधार करने में भी मदद कर सकती है।

### दोनों एक्सरसाइज में से किसका चयन करना है ज्यादा बेहतर?

अगर लक्ष्य वजन घटाना है तो क्रंच एक्सरसाइज आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। इसका कारण है कि यह हृदय गति बढ़ाती हैं, जिससे आप अधिक से अधिक कैलोरी बर्न कर सकते हैं। वहीं कोर स्ट्रेंथ और मसल टोन को बेहतर बनाने के लिए सिट-अप्स बेहतर विकल्प है। धीमी गति वाली इस एक्सरसाइज यह सुनिश्चित होता है कि शरीर के सभी अंग प्रभावित हों, जिससे मांसपेशियों को बेहतर मजबूती मिले।

# सिल्वर कलर के डीपनेक गाउन में पलक तिवारी ने दिए स्टनिंग पोज

टीवी इंडस्ट्री की नामचीन एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी अपनी मां की तरह ही काफी नाम कमा रही हैं। उनकी बोल्डनेस से भरी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। वहीं, सिल्वर कलर के गाउन में एक्ट्रेस पलक तिवारी बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने कातिलाना अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। पलक तिवारी सिल्वर कलर के डीपनेक गाउन में बेहद ही चार्मिंग लग रही हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। लाइट मेकअप और स्टाइलिश हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस पलक तिवारी बेहद ही गॉर्जियस लग रही हैं। अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए हुए हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। बेहद ही कम समय में इस मुकाम को हासिल करने वाली पलक तिवारी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। पलक तिवारी अपनी मां श्वेता तिवारी की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं। पलक फिल्म रोजी: द सैफ्रॉन चैप्टर से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। इसके अलावा वो सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में भी नजर आ सकती हैं। पलक तिवारी आदित्य सील के साथ मंगता है क्या गाने में भी काम कर चुकी हैं। पंजाबी सिंगर हार्डी संधू के साथ पलक ने बिजली बिजली सॉन्ग किया है। ये गाना इतना पॉपुलर हुआ कि उनका नाम फैंस बिजली गर्ल ही बुलाने लगे।





# किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी विनाली भटनागर

अब से पहले म्यूजिक वीडियो 'काफिले नूर के' में नजर आई अभिनेत्री विनाली भटनागर सलमान खान अभिनीत फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म में अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। मध्य प्रदेश की रहने वाली विनाली एक्टिंग को आगे बढ़ाने के लिए मुंबई आई और इंडस्ट्री में तमाम संघर्ष के बाद आखिरकार उन्हें यह मौका मिल ही गया। अपने करियर में एक नया अध्याय शुरू करने के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए विनाली ने कहा- मैं हिंदी फिल्म उद्योग में अपनी यात्रा शुरू कर रही हूं और यह फिल्म काम शुरू करने का एक शानदार तरीका है। मैंने हमेशा खुद को बड़े पर्दे पर देखने का सपना देखा था। यह सब एक सपने के सच होने जैसा लगता है। मेरा मानना है कि पहली फिल्म हमेशा खास होती है, और मैं अपनी पहली फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक मुझ पर अपना आशीर्वाद बरसाएंगे। 'किसी का भाई किसी की जान' सलमान खान द्वारा निर्मित और लेखक-निर्देशक फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित है। फिल्म में विनाली के अलावा पूजा हेगड़े और वेंकटेश भी हैं। यह फिल्म 2014 में रिलीज हुई तमिल ब्लॉकबस्टर 'वीरम' का रूपांतरण बताई जा रही है। 'किसी का भाई किसी की जान' 21 अप्रैल को ईद के मौके पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# रानी मुखर्जी संग सलमान के लुक ने किया आकर्षित, किक-2 की सम्भावनाओं को मिला बल



बॉलीवुड फिल्मों के मशहूर एक्टर सलमान खान अपन स्वैग से प्रशंसकों का दिल जीत लेते हैं। सलमान खान ऑनस्क्रीन ही नहीं बल्कि ऑफस्क्रीन भी हमेशा दिल जीत लेते हैं। हाल ही में सलमान, रानी मुखर्जी की आगामी फिल्म मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉरवे के इवेंट पर पहुंचे जहां उन्होंने रानी मुखर्जी के साथ तस्वीरें क्लिक करवाए। हालांकि कुछ ही देर में रानी और सलमान की तस्वीरें वायरल हो गई एवं ट्विटर पर किक 2 ट्रेंड होने लगा।

दरअसल सलमान खान और रानी की तस्वीर में सलमान खान के लुक के कारण किक 2 चर्चा में आ गई है। सलमान की जो नयी तस्वीर वायरल हो रही है, उस में सलमान का लुक फ्रेंच बियर्ड वाला है। सलमान बिलकुल उस ही लुक में दिखाई दे रहे हैं, जैसे वो फिल्म किक में दिखाई दिए थे। ऐसे में प्रशंसकों का मानना है कि सलमान खान ने किक 2 की शूटिंग आरम्भ कर दी है या फिर जल्दी ही शुरू कर देंगे। बस इसके बाद से ही ट्विटर पर किक 2 ट्रेंड हो रहा है।

वही बात यदि सलमान खान की करें तो दबंग खान की आगामी फिल्मों के खाते में किसी का भाई किसी की जान, सूरज बड़जात्या संग फिल्म, और नो एंट्री का सीक्वल सम्मिलित है। वहीं शाहरुख खान की पठान में भी सलमान खान का कैमियो हाल ही में देखने को मिला है। याद दिला दें कि टाइगर 3 से सभी को बहुत उम्मीदें हैं तथा कहा जा रहा है कि ये फिल्म नए रिकॉर्ड बनाएगी। वहीं खबरों में किक 2 भी है, मगर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

# यूके में दोबारा रिलीज हुई आरआरआर ने मचाया तहलका

एसएस राजामौली की आरआरआर पिछले लंबे वक्त से चर्चा में है। फिल्म के सुपरहिट गाने नाटू-नाटू ने बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग श्रेणी में मनोरंजन जगत के सबसे बड़े सम्मान ऑस्कर पुरस्कार को अपने नाम किया है। अब फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है। दरअसल, ऑस्कर पुरस्कार समारोह से पहले आरआरआर को यूके में दोबारा रिलीज किया गया था और अब तक यहां फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 10 करोड़ रुपये हो चुका है।

गौरतलब है कि फिल्म आरआरआर ने ऑस्कर जीतकर इतिहास रच दिया है। फिल्म का गाना नाटू-नाटू बेस्ट ओरिजिनल



सॉन्ग की श्रेणी में नामांकन हासिल करने वाला और जीतने वाला पहली भारतीय गाना बन गया है। एमएम कीरवानी और चंद्रबोस के इस गाने ने रिहाना और लेडी गागा जैसे बड़े नामों को पीछे छोड़ते हुए यह पुरस्कार अपने नाम किया है। यह गाना पहले ही गोल्डन ग्लोब, क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड और एलए फिल्म क्रिटिक्स सर्कल पुरस्कार अपने नाम कर चुका है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### हाई कार्बन ग्रेड वायर रॉड के उत्पादन के लिए लाइसेंस प्रदान किया गया

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र को आई एस-7904 ग्रेड स्टील वायर रॉड की पूरी रेंज के उत्पादन के लिए लाइसेंस प्रदान किया गया है। आई एस-7904 हाई कार्बन स्टील वायर रॉड्स, बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) के विनिर्देशों के अनुरूप है। इस लाइसेंस के प्राप्त होने के साथ ही भिलाई इस्पात संयंत्र अब अपने वायर रॉड मिल (डब्ल्यूआरएम) से हाई कार्बन वायर रॉड का उत्पादन करने की ओर अग्रसर है। ग्राहकों की मांगों के अनुसार उपयुक्त विनिर्देशों और रसायन के साथ उत्पादों के अनुकूलित ग्रेड विकसित करना सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए हमेशा एक महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है। ये नए ग्रेड न केवल ग्राहकों की मांगों को पूरा करते हैं और नए अनुप्रयोगों में प्रयुक्त होते हैं बल्कि मूल्य वर्धित ग्रेड के विकास और आपूर्ति से अधिक लाभ की प्राप्ति भी होती है। उत्पादों के नए ग्रेड प्लांट के गुणवत्ता विभाग, स्टील मेल्टिंग शॉप और संबंधित रोलिंग मिल की क्रॉस-फंक्शनल टीमों द्वारा विकसित किया जाता है। संयंत्र की वायर रॉड मिल गार्डन वेरायटी ग्रेड के साथ-साथ विशेष स्टील ग्रेड्स जैसे टीएमटी रॉड्स, उच्च जंगरोधी टीएमटी (एचसीआरएम), भूकंपरोधी टीएमटी (ईक्यूआर-डी) रॉड और इलेक्ट्रोड गुणवत्ता वाले वायर रॉड ग्रेड्स का उत्पादन करती है। संयंत्र के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण के बाद, वायर रॉड मिल नए और आधुनिक स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) से प्राप्त बिलेट्स से अपने उत्पादों की रोलिंग कर रहा है।

### जूट हस्तशिल्प निर्माण में ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए कार्यशाला का उद्घाटन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत दुर्ग जिले के ग्राम पचपेड़ी में जूट से हस्तशिल्प बनाने की प्रषिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस कार्यषाला के तहत गांव की महिलाओं को जूट से हस्तशिल्प बनाने का प्रषिक्षण तीन महीने तक दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) संदीप माथुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (मशीन शॉप-3) तथा सेफी चेयरमेन एवं ओए के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर उपस्थित थे। कार्यशाला को आयोजित करने वाले संयंत्र के सीएसआर विभाग के सदस्य उपस्थित थे। प्रशिक्षित के दौरान सभी महिलाओं को तीन महीने की अवधि तक 3000 रुपये मासिक स्टाइपेड भी दिया जाएगा।

### दुगेली-माड़कापारा में जन चौपाल व सिविक एक्शन का किया गया आयोजन

**दंतेवाड़ा।** जिले की बचेली पुलिस द्वारा शुक्रवार को ग्राम दुगेली के माड़कापारा में जन चौपाल एवं सिविक एक्शन का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याए सुनी गई एवं मौके पर ही समस्याओं का निराकरण किया गया। जन चौपाल एवं सिविक एक्शन के तहत् थाना स्टाफ द्वारा ग्राम दुगेली माड़कापारा के ग्रामीणों को खेलकुद सामाग्री एवं दैनिक उपयोगी सामाग्री वितरण किया गया। थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक गोविंद यादव द्वारा वर्तमान में घटित हो रहे महिला संबंधित अपराध, बैंकिंग फ्रॉड, सायबर अपराधों, ऑनलाईन ठगी, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षित यातायात के नियम की जानकारी देकर इन अपराधों से बचाव के तरीके एवं समझाईश दिया गया।

# मंत्री भेंड़िया ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला कर्मियों का किया सम्मान

## आंगनबाड़ी केन्द्रों को गैस-चूल्हा और महिला समूह को बांटा गया ऋण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने गुरूवार को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सिमगा विकासखण्ड के ग्राम हथबंद में आयोजित वृहद महिला सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य के लिए 30 से अधिक महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया। उन्होनें 5 आंगनबाड़ी केन्द्रों को गैस-चूल्हा तथा महिला कोष से विभिन्न स्व-सहायता समूह को 11 लाख रूपये से अधिक का ऋण वितरण भी किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।**




इस अवसर पर राज्य सभा की पूर्व सांसद श्रीमती छाया वर्मा, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ल, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री शैलेश नितिन त्रिवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व विधायक बलौदाबाजार जनक राम वर्मा, पूर्व विधायक दुर्ग श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि प्रदेश की महिलाएं हर क्षेत्र में कामयाब हो रही हैं। महिलाएं खेती किसानी करने से लेकर हवाई जहाज तक उड़ाकर विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से देश की सेवा कर रहीं है। राज्य सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही हैं। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा श्रमिक परिवार की बेटियों की शिक्षा, रोजगार तथा विवाह में सहायता के लिए मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण योजना शुरू की है। इस योजना के माध्यम से पात्र पंजीकृत हितग्राहियों की प्रथम दो पुत्रियों की बैंक खातें में एकमुश्त राशि का भुगतान किया जाएगा। राज्य के प्रत्येक जिले में पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। इन सेंटरों के माध्यम से एक छत के नीचे महिलाओं को निःशुल्क विधिक चिकित्सा, परामर्श और आश्रय दिया जा रहा है।

श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं और बच्चों के लिए काम कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# प्रयोगशाला, उद्योग और बाजार के बीच किसान बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं : डॉ. एन कलैसेल्वी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। विज्ञान सम्मेलन एवं कृषि- प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी ( साइंस कॉन्क्लेव एंड एग्रो- टेक एक्सपो ) 2023 का आयोजन गत 15-16 मार्च 2023 के दौरान गुरुग्राम विश्वविद्यालय, हरियाणा में किया गया । यह एक अनूठा कार्यक्रम था जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए थे । इस विज्ञान सम्मेलन में वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, छात्रों, किसानों, उद्यमियों और प्रौद्योगिकी विकासकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।**



गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद -राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान (सीएसआई आर-एनआईएस सीपीआर), नई दिल्ली और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, हरियाणा के सहयोग से इस अत्यंत उपयोगी कार्यक्रम का आयोजन किया । उन्नत भारत अभियान ( यूबीए ) और विज्ञान भारती (विभा - वीआईबीएचए ) इस कार्यक्रम के ज्ञान भागीदारों के रूप में आगे आए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सृजन और सतत विकास के लिए किसानों और छात्रों को सीएसआईआर प्रौद्योगिकियों से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत करने के लिए विशिष्ट अतिथियों द्वारा आधिकारिक रूप से प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।

गुरुग्राम विश्वविद्यालय में विज्ञान सम्मेलन को संबोधित करते हुए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की महानिदेशक डॉ.एन.कलैसेल्वी डॉ. एन. कलैसेल्वी, सचिव, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग ( डीएसआईआर ), भारत सरकार और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधानपरिषद ( सीएसआईआर ) की महानिदेशक ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाई। सम्मानित अतिथियों में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद ,पंचकुला, हरियाणा के उपाध्यक्ष डॉ. कैलाश चंद्र शर्मा ; रंजना अग्रवाल, निदेशक, सीएस आईआर-एनआई एससीपीआर, नई दिल्ली; और प्रोफेसर दिनेश कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष, गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति शामिल थे। हुए डॉ. कलैसेल्वी ने कहा कि किसान प्रयोगशाला, उद्योग और बाजार के बीच बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### दो अवैध कनेक्शन को काटा

# इंटरनेशनल कॉलोनी समेत श्रमिक बस्ती से 8 टुल्लू पंप जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** शहर के एक मात्र इंटरनेशनल कॉलोनी समेत श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र के कुल 8 घरों से निगम कर्मियों ने टुल्लू पंप को जब्त किया है। सभी नल खुलने के समय में पाइप लाइन पर टुल्लू पंप लगाकर पानी ले रहे थे। जांच के दौरान रूआबांधा क्षेत्र में दो अवैध नल कनेक्शन होने का भी खुलासा हुआ। कनेक्शन विच्छेद की कार्यवाही की गई।

रिसाली निगम आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर बनी तीन अलग-अलग टीम विभीन्न वार्डो में दबिश दी। इस दौरान 100 से भी अधिक घरों में जांच पड़ताल कर 8 टुल्लू पंप जब्त किया। प्रभारी सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता व प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा ने बताया कि सुबह 7-8 नल खुलने के समय की गई जांच में लोग सीधे नल कनेक्शन में टुल्लू पंप लगाकर पानी ले रहे थे। इंटरनेशनल कॉलोनी के मोगरा ब्लाक में पंप जब्त करने के दौरान महिला आक्रोशित भी हुई। समझाईश और नियम विरूद्ध होने की जानकारी देने के बाद मामला जैसे तैसे शांत हुआ। कार्यवाही के दौरान जनस्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, राजस्व अधिकारी संजय वर्मा, जगरनाथ कुशवाहा,



विवेक रंगनाथ, बिरेन्द्र देशमुख, सुधीर तांडी आदि उपस्थित थे।

वार्ड 01 इंटरनेशनल तालपुरी 41 बिन्दु सिंह, 38 ज्योति एवं ब्लाक 33 से टुल्लू पंप जब्त किया गया। इसी तरह वार्ड 3 सारथी पारा से विनिता जैन, बालू अहमेन्द्र जैन व लोकेश बघेल के निवास से और वार्ड 34 श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र से पुष्पा बाई देशलहरा व वार्ड 21 निवासी दुलार साहू के घर से 1 से 1.5 एचपी का पंप जब्त किया गया।

जांच के दौरान खुलासा हुआ कि रूआबांधा जैन मंदिर के पीछे सड़क किनारे दो नल कनेक्शन खुला है। पानी व्यर्थ बह रहा था। पूछताछ के दौरान नल कनेक्शन किसी अधिकृत व्यक्ति द्वारा नहीं लिए जाने का खुलासा होने पर नल विच्छेद की कार्यवाही की गई। अधिकारियों ने भ्रमण के दौरान ऐसे घरों में भी दबिश दी जहां नल कनेक्शन में टोटी नहीं लगा था।

# युवाओं को मिल रहे हैं रोजगार के बड़े अवसर रोजगार मेले में 430 युवाओं का हुआ चयन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से अपने मनपंसद काम में प्रशिक्षण पाकर युवा अपना कैरियर बना रहे हैं। प्रदेश के 18 से 45 आयुवर्ग के युवक-युवतियां जो जिस टेऊ्ड में रूचि रखते हैं, उन्हें नि:शुल्क प्रशिक्षण देने के साथ ही, उन्हें प्लेसमेंट के माध्यम से नौकरी के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा स्व-रोजगार के माध्यम से भी युवा अपने सपनों को पूरा कर रहे हैं।**



जशपुर जिले के पत्थलगांव विकासखंड में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 21 युवक-युवतियों को रोजगार मिला, तो वहीं दंतेवाड़ा जिले में लाइवलीहुड कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में 430 लोगों का प्रारंभिक तौर पर चयन किया गया है। जशपुर जिले के पत्थलगांव विकासखंड में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत् 08 माह की अवधि का सफ्लतापूर्वक फायर फाइटर कोर्स पूर्ण करने वाले 21 युवक-युवतियों को जी.फोर.एस. सिक्योरिटी कम्पनी में रोजगार के लिए चयन किया गया है। जहॉ उन्हें पीएफ ई.एस.आई.सी. की सुविधा के साथ 13 हजार 500 रूपए प्रतिमाह वेतन भी दिया जाएगा। इसी तरह दंतेवाड़ा जिला प्रशासन के द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से विकासखंड गीदम अंतर्गत कारली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

755 विभिन्न पदों के लिए आयोजित इस रोजगार मेले में 1110 युवाओं ने भाग लिया। 15 कंपनियों ने मौके पर ही 430 युवाओं का प्रारंभिक तौर पर चयन कर लिया, बाकी की प्रक्रिया चल रही है।


इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे-प्रताप टेलीकास्ट प्राईवेट लिमिटेड, बाम्बे इनटेलिजेंस सिक्योरिटी लिमिटेड, शिषलता फइंड दक्ष मैत्री गार्डन चौंक भिलाई, वेक्टर फइनेंस प्राईवेट लिमिटेड, विकास अधिकारी एल.आई.सी., फ्युजन माईक्रो फइनेंस लिमिटेड, भारतीय पेल्समेंट सर्विस कैपिटल प्लाजा, डेनैक्स (नवा दन्तेवाड़ा गारमेंट फैक्ट्री), बी.एस.के. सर्विस, बस्तर मोटर्स टी.वी.एस. शो रूम, जय माता दी मेन रोड तहसील कार्यालय के बाजू अनिल जायसवाल एसकेवाय ऑटोमोबाईल, सिंद्ध फेब्रीकेशन, कार्यपालन अभियंता (विद्युत विभाग) सीएसपीडीसीएल दन्तेवाड़ा, अनाविका रेस्टोरेंट आदि कंपनियों में टेक्नीशियन, सुरक्षाकर्मी, सिलाई ऑपरेटर, मैनेजर, ड्राइवर, मकैनिक, कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, अकाउंटेंट, ब्रांच मैनेजर एवं अन्य पदों के लिए भर्ती की जा रही हैं। जिसमें 430 लोगों का चयन किया गया है। चयन पाकर उत्साहित युवाओं ने मुख्यमंत्री सहित शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

### जीत का नया इतिहास रचेगी कांग्रेस

# रत्नावली ने जयराम रमेश को सुनाई भूपेश सरकार की विकास गाथा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छग शासन सदस्य एवं महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रत्नावली कौशल ने नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, प्रचार प्रसार प्रभारी, प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश से भेंट कर तिरंगा गमछा पहनाकर स्वागत किया एवं उन्हें छग की भूपेश बघेल सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं तथा कांग्रेस की लगातार बढ़ रही लोकप्रियता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।**



हिन्द सेना महिला ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष रत्नावली कौशल ने जयराम रमेश को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के सफ्ल आयोजन के लिए बधाई दी। रत्नावली ने कहा कि वैसे तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य में आरंभ की गई लोक कल्याणकारी योजनाओं और श्री बघेल की साफ सुथरी छवि, मिलनसारिता और सहज सुलभता के कारण कांग्रेस छत्तीसगढ़ में काफी मजबूत हो चुकी है, वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन ने पार्टी के हर नेता और कार्यकर्त्ता के मनोबल को उच्च स्तर पर पहुंचा दिया है तथा आम जनता में कांग्रेस के प्रति विश्वास को और भी मजबूत करने का काम किया है। रत्नावली ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत अन्य नेताओं द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन में दिए गए मार्गदर्शन एवं टिप्स ने आम कार्यकर्त्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है। छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता और कार्यकर्त्ता दोगुने उत्साह के साथ कांग्रेस की रीति ङ्क नीतियों तथा भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में जुट गए हैं। सुश्री कौशल ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा अडानी मामले को लेकर छत्तीसगढ़ के कांग्रेसजन लगातार आवाज बुलंद किए हुए हैं। गांव ङ्क गांव और शहर शहर लोगों के बीच जाकर केंद्र सरकार के दोहरे चरित्र को उजागर कर रहे हैं। हमारे कांग्रेसी भाई बहन केंद्र सरकार के खिलाफधरना आंदोलन और पुतला दहन कर भाजपा सरकार की कलई खोलने में लगे हुए हैं। सुश्री कौशल ने रमेश को बताया कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग किए जाने की पोल जनता के बीच खोलने में छत्तीसगढ़ के कांग्रेसजन सफ्ल हुए हैं। इसका असर यह हुआ है कि अवाम में भाजपा के प्रति रही सही सहानुभूति भी काफूर हो चुकी है। छत्तीसगढ़ की जनता की उम्मीद भरी निगाहें अब सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस पर टिकी हुई हैं।

### भूपेश बघेल पर है जनता को भरोसा

वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रत्नावली कौशल ने जयराम रमेश को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की भूपेश बघेल माटी से सदैव जुड़े रहने वाले किसान पुत्र हैं,वे राज्य के किसानों, मजदूरों, आदिवासियों, अनुसूचित जाति के लोगों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्ग के लोगों के दुख दर्द को भलीभांति समझते हैं,यही वजह है कि समाज के सभी तबकों के हितों को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दूरगामी उत्कृष्ट परिणाम देने वाली योजनाएं चला रखी हैं।

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

### दुर्ग पुलिस की राह पर रायगढ़ पुलिस

# वाट्सएप नंबर जारी, भेज सकते हैं यातायात नियम तोड़ने वालों की फोटो और वीडियो

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** दुर्ग पुलिस के नक्शेकदम पर रायगढ़ पुलिस भी चल रही है। शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में यातायात पुलिस रायगढ़ और जिला सड़क सुरक्षा समिति की ओर से जिले में यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने नगर निगम कमिश्नर संबित मिश्रा तथा एडिशनल एसपी संजय महादेवा के हाथों वाट्सएप नंबर 9479269652 का शुभारंभ किया गया। जारी वाट्सएप नंबर पर आम लोग यातायात नियम तोड़ने वालों की फोटो व वीडियो शेयर कर सकते हैं। रायगढ़ पुलिस आम लोगों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई भी करेगी।



बता दें दुर्ग जिले में एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने शहर में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों को सबक सिखाने पहले की वाट्सएप नंबर जारी कर चुके हैं। उन्होंने अपना पर्सनल नंबर भी शेयर किया हुआ है। उनके नंबरों पर आने वाले शिकायतों के आधार पर अब तक कई लोगों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इसी क्रम में अब रायगढ़ में भी यह सुविधा शुरू हो गई है। कार्यक्रम के प्रारंभ में ट्रैफिक डीएसपी सुशांत बनर्जी ने बताया कि एसपी सदानंद कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा एवं अपराधिक गतिविधियों की मॉनिटरिंग के लिए रायगढ़ शहर में नये सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा पूर्व से लगाए गये सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनचेतना जागरूकता अभियान के तहत जिलेवासियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने तथा उनके यातायात पुलिस से जुडाव के लिये। उनकी मंशा अनुरूप यातायात पुलिस और जिला सड़क सुरक्षा समिति की ओर से आमलोंगों में जागरूकता लाने और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के लिए वाट्सएप नंबर का शुभारंभ किया जा रहा है। आम लोग यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का नंबर प्लेट के साथ साफ फोटो व वीडियो मोबाइल पर लेकर शेयर करेंगे। जिससे यातायात पुलिस उस व्यक्ति को ट्रेस कर उस पर नियमानुसार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करेगी।

#### प्रशासन और पुलिस सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने निरंतर प्रयासरत

कार्यक्रम दौरान नगर निगम कमिश्नर संबित मिश्रा द्वारा रायगढ़ पुलिस की पहल को अभिनव पहल बताते हुए कहा गया कि प्रशासन और पुलिस सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने निरंतर प्रयासरत है, समय-समय पर आमलोगों तथा मीडिया से फीडबैक भी लिये जा रहे हैं और उस पर आवश्यक कार्रवाई की जाती है। सबसे पहले हमें स्वयं की सुरक्षा के दृष्टिगत यातायात नियमों का पालन करना चाहिए और जैसा कि पुलिस द्वारा वाट्सएप नंबर जारी किया गया है जिस पर आपके आसपास यदि कोई यातायात नियमों का उल्लघंन करता है तो उसके वाहन का नंबर प्लेट सहित फोटो/विडियो शेयर करें।

#### आम जनता से की यातायात नियमों का पालन करने की अपील

इस मौके पर एडिशनल एसपी संजय महादेव ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनचेतना जागरूकता कार्यक्रम के तहत मुख्यत साइबर फ्रॉड, नशा मुक्ति और यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता लाने पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने रायगढ़ पुलिस की ओर से आमजन से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। सड़क हादसों के समय गुड सेमेरिटन की भूमिका अदा करनी चाहिये और यातायात के जो बेसिक नियम जिसमें नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने ना दें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी सफर ना करें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें। स्टंट या रैश ड्राइविंग कदापि ना करें। मालगाड़ी वाहनों में यात्रा से बचें। नो पार्किंग में वाहन ना खड़ा करें और कभी भी नशे की हालत में वाहन ना चलाएं। इन नियमों का पालन कर स्वयं दुर्घटना से बचा जा सकता है।

### दुर्ग में गो तस्करी का खुलासा

# 38 गायों को ठूंसकर ले जा रहा ट्रक चालक, टायर पंक्चर हुआ तो पहुंची पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** जिले में गो तस्करी के बड़े मामले का खुलासा हुआ है। बोरी थाना क्षेत्र में एक ट्रक पकड़ाया जिसमें 38 गायों को ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। पुलिस जब पहुंची तो ट्रक खड़ी थी और उसके दो टायर पंक्चर थे। ट्रक चालक फरार था। ट्रक में ठूंसे गए गायों में दो की दम घुटने से मौत हो गई। वहीं शेष गायों को नजदीकी गोठान में पहुंचाया गया जहां पशु चिकित्सक की देखरेख में गायों को रखा गया। इस मामले में बोरी थाना पुलिस ने धारा 429 भादवी छत्तीसगढ़ पशु क्रूरता अधिनियम 2(च )धारा 4 ,6, 10,11 एवं पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 व पशु परिवहन अधिनियम 1978 की धारा 4 (AB C) 48 49 50 52,54 (1.2,3) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

बोरी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ग्राम बड़े बीरेझर निवासी चितराम पटेल ने थाने में पहुंचकर बताया कि वह सुबह मोटरसाइकिल से अपनी खेत की ओर जा रहा था। बड़े बीरेझर एवं छोटे बीरेझर के बीच में एक 10 चक्का ट्रक सीजी 04 JB 3850 में अवैध रूप से 38 गाय रखे हुए हैं। ट्रक के सामने के दोनों चक्का पंक्चर थे। वहीं ट्रक में दो गायों की मौत हो चुकी है। सूचना के बाद तत्काल मौके पर पुलिस टीम रवाना हुई। मौके पर देखा तो पाया गया कि वाहन चालक द्वारा 38 पशुओं को क्रूरता पूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरा गया है।

इसके बाद वाहन चालक के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा घायल पशुओं को तत्काल टीम के द्वारा ग्राम हसदा गोठान में शिफ्ट कराया गया। पशु चिकित्सक के टीम को सूचित किया गया। मौके पर अत्यधिक घायल पशुओं को इंजेक्शन व दवाई दिया गया। एवं दोनों मृत पशुओं का पशु चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने 38 गाय कीमती 76000 रुपए व टाटा ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेबी 3850 कीमती 800000 रुपए कुल कीमती 876000 रुपए जब्त किया गया। ट्रक चालक फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।


कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)
Email id : ee-res.durg@gov.in

संक्षिप्त मैन्युअल निविदा सूचना कमांक-49

ज्ञा.कं. / व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2022-23 दुर्ग, दिनांक

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | GOVT PRIMARY SCHOOL KANHARPURI में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | 14.32 |
| 2 | GOVT PRIMARY SCHOOL NANDWAY में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | 14.32 |
| 3 | GOVT BOYS UPPER PRIMARY SCHOOL KUMHARI में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | 14.32 |
| 4 | GOVT UPPER PRIMARY SCHOOL MOHLAI में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | 14.32 |
| 5 | GOVT UPPER PRIMARY SCHOOL UPGRADE HIGH SCHOOL BELOUDI 02 अतिरिक्त | 14.97 |
| 6 | GOVT PRIMARY SCHOOL BAGHERA DURG भवन जीर्णोद्धार एवं संधारण कार्य, छत | 13.81 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में दिनांक 16/03/2023 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 25/03/2023 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग दुर्ग

जी-99412/4


# दुर्ग पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर ठगः धमतरी के किसान से की थी 30 लाख की ठगी, अमलेश्वर में दर्ज हैं 12 मामले

**भिलाई।** रायपुर में रहकर दुर्ग के ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन भोले-भाले लोगों को डरा धमका कर जमीन हथियाने वाले शातिर ठग दुर्ग पुलिस के हत्थे चढ़ा। शातिर ने कुछ दिन पहले जामगांव आर थाना क्षेत्र के रीवा गहन में दूसरे की जमीन को अपना बताकर सौदा किया और 30 लाख रुपए ठग लिए थे। इस मामले में अपराध दर्ज कर जामगांव आर की पुलिस आरोपी की तलाश रही थी। इस बीच अमलेश्वर पुलिस ने धोखाधड़ी के एक अन्य मामले में आरोपी अमरपुरी चौंक सुंदर नगर रायपुर निवासी अश्वनी डड्सेना (56) को गिरफ्तार किया है। आरोपी अश्वनी डडसेना के खिलाफ अमलेश्वर थाने में 12 मामले दर्ज है।

मिली जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को एचएस मढ़रिया निवासी आर्शीवाद परिसर डंगनिया रायपुर द्वारा अश्वनी डड्सेना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। अश्वनी डड्सेना ने ग्राम अमलीडीह में रकबा 1.150 हेक्ट. की जमीन का सौदा किया। इकरारनामा के नाम पर 20 हजार व बाद में स्टांप के नाम पर 84,800 रुपए लेने के बाद रजिस्ट्री नहीं करा रहा था। इस मामले में शिकायत के बाद थाना अमलेश्वर में अश्वनी डड्सेना के खिलाफ धारा 420, 406 अपराध दर्ज किया गया था।

अमलेश्वर थाने में इससे पहले में 11 बार आश्वनी डड्सेना के खिलाफ अपहरण, धोखाधड़ी धमकाने के मामले दर्ज हो चुके हैं। अपराध दर्ज होने के बाद अश्वनी डड्सेना फरार था। इसके बाद दो दिन पहले को मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी अश्वनी डड्सेना को घेरा बंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी अश्वनी डड्सेना एक आदतन अपराधी है, जो जमीन खरीदी बिक्री करने के नाम से कुट रचित दस्तावेज तैयार कर भोले भाले ग्रामीणों को अधिक कीमत पर जमीन खरीदने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करता है।

धमतरी के किसान से ठगे 30 लाख रुपएइधर अश्वनी डड्सेना की गिरफ्तारी हुई और इस बीच 15 मार्च को ही जामगांव (आर) में उसके खिलाफ धारा 294, 506, 420, 467, 468, 471, 120बी के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी ने धमतरी निवासी जगदीश साहू से रीवा गहन में खसरा नंबर 400 401, 407 (घ) कुल रकबा 08 एकड़ 52.05 डिसमील कृषि जमीन का सौदा अपने साथी श्यामु यादव के साथ मिलकर किया था।

### पति से झगड़ा कर पड़ोसी के यहां सोना पड़ा भारी

# युवक ने महिला का अपहरण कर किया रेप, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में महिला का अपहरण के बाद दो दिन तक बंधक बनाकर रेप करने का मामला सामने आया है। दरअसल महिला अपने पति से विवाद के बाद पड़ोसी के घर चली गई और रात में वहीं सो गई। आधी रात को एक सिरफिरा घर में घुसा और महिला को जबरन अपने घर लेकर गया। घर पर दो दिनों तक बंधक बनाकर उसका रेप किया। महिला जब सिरफिरे के चंगुल से छूटी तो उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले में धारा 363, 366, 342, 376(2) (एन), 506 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

यह पूरा मामला जशपुर जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि 8 मार्च की रात को उसका अपने पति से झगड़ा हो गया। पति से झगड़ा करने के बाद महिला अपने पड़ोस में चली गई और वहीं पर सो गई। पीड़िता ने बताया कि उसी रात करीब 11 बजे दुबराज यादव नाम का युवक घर पहुंचा और उसे जबरन उठाकर अपने घर ले गया। अपने घर ले जाने के बाद उसने जान से मारने की धमकी देते हुए 10 मार्च तक उसका रेप किया। 10 मार्च की सुबह युवक ने उसे छोड़ दिया।

युवक के चंगुल से निकलकर वह घर पहुंची और अपने पति को इसकी जानकारी दी। घटना के बाद दुबराज यादव फरार हो गया था। इसके बाद इस मामले में महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपी दुबराज यादव की पताचाजी की और उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक रविशंकर तिवारी, एसआई केपी सिंह, एएसआई बैजंती किण्डो, आरक्षक नारायण सिंह, चुरामन साहू, हेमंत कुजूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

( प्रथम आमंत्रण )

सिस्टम निविदा क्र.126878/निविदा सूचना क्र.33/वलेलि/2022-23 बालोद, दिनांक 16/03/2023

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 06.04.2023 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :- बालोद जिले के विकासखंड बालोद की तांदुला परियोजना अंतर्गत तांदुला मुख्य नगर की आर.डी. 14692 मी. से आर.डी. 15192 मी. तक फिलिंग रिच में नगर कटाव रोकने हेतु रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य ( ग्राम पीपरछेड़ी )**

**अनुमानित लागत :- रू. 160.13 लाख**

(दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 01.08.2014 के अनुसार)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 23.03.2023 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोटः-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बालोद ( छ.ग. )
कृते-अधीक्षण अभियंता शिवनाथ
मण्डल दुर्ग ( छ.ग. )

जी-99393/6



छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(द्वितीय आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **03.04.2023 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:

| सिस्टम निविदा क्र निविदा सूचना क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सिस्टम निविदा क्र. **126874**/निविदा सूचना क्र. 73/वलेलि/2022-23, दुर्ग दिनांक 15.03.2023 | **दुर्ग जिले के विकासखण्ड धमधा की ग्राम हिर्री के पास नाले में स्टापडेम कम रपटा का निर्माण कार्य।** | **रू. 340.79 लाख** (दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार) |
| सिस्टम निविदा क्र. 126876/निविदा सूचना क्र. 74/वलेलि/2022-23, दुर्ग दिनांक 15.03.2023 | दुर्ग जिले के विकासखण्ड धमधा के ग्राम खर्रा में स्टापडेम कम रपटा का निर्माण कार्य। | रू. 361.59 लाख (दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार) |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **22.03.2023** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी-99370/4



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# अपने घर का सपना हुआ पूरा, निगम क्षेत्र में किराए से रहने वाले 539 लोगों को मिला घर

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** किराए के घर में रह रहे ऐसे लोग जो कई दिनों से आवास की राह देख रहे थे उनका इंतजार आज खत्म हो गया। 539 हितग्राहियों को शुक्रवार को लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया गया। महापौर नीरज पाल तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास ने लॉटरी की शुरुआत कराई। महापौर ने आवास आबंटित हुए हितग्राहियों को मकान मिलने पर सभी को बधाइयां दी। आवास आबंटन होने पर हितग्राहियों के चेहरे पर मुस्कान साफ नजर आई। लॉटरी प्रारंभ करने के दौरान लगभग 40 दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को सर्वप्रथम प्राथमिकता देते हुए उनके लिए पहले आवास आबंटन की कार्यवाही कर इन्हें ग्राउंड फ्लोर पर आवास दिया गया। लॉटरी में शामिल होने वाली पहली दिव्यांग हितग्राही बरखा को ग्राउंड फ्लोर में पहला आवास मिला।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान, मोर आस के तहत किराएदार के रूप में निवास करने वाले पात्र हितग्राही जिन्होंने 10त्न की राशि जमा की थी उन्हें आज लॉटरी में शामिल किया गया था। पहले यह राशि अधिक थी शासन ने सहूलियत देते हुए प्रथम किस्त की राशि को कम किया तथा आसान किस्तों में राशि जमा करने की छूट दी है। इसके चलते हितग्राहियों को राशि जमा करने में आसानी हो रही है।

महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आवास प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में आज 539 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया। महापौर नीरज पाल ने इस अवसर पर कहा कि हर किसी का सपना होता है कि उनका खुद का पक्का घर हो, यह स्वप्न आज हितग्राहियों का पूरा हुआ है। अब बेझिझक अपने आवास में यह रह पाएंगे। बता दे कि आवास आबंटन के पूर्व निगम ने इसे लेकर संपूर्ण तैयारी कर ली थी, हितग्राही भी तय समय पर मौजूद हो गए थे। शांतिपूर्ण तरीके से आवास आबंटन की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण हुई।

हितग्राहियों ने लॉटरी निकाल कर आवास क्रमांक के आधार पर आवास अपने नाम किया। आवास आबंटन से पूर्व ही लोगों में इसे लेकर काफी उत्साह था। आज आवास आबंटन के दौरान प्रमुख रूप से अनुविभागीय अधिकारी जागेश्वर कौशल, सभापति गिरवर बंटी साहू, अधीक्षण अभियंता एवं नोडल अधिकारी दीपक जोशी, कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा, आवास योजना के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

### इन क्षेत्रों में हितग्राहियों को मिला आवास

किराए में रहने वाले 91 हितग्राहियों को माइलस्टोन स्कूल के पास, 39 हितग्राहियों को ग्रीन वैली खमरिया, 154 हितग्राहियों को सूर्या विहार के पीछे खमरिया, 81 हितग्राहियों को सूर्या विहार के पीछे खमरिया, 27 हितग्राहियों को अविनाश मेट्रो पॉलिश, 7 हितग्राहियों को केईसी के पीछे खमरिया, 6 हितग्राहियों को एनआर स्टेट खमरिया, 134 हितग्राहियों को आम्रपाली फेस 2 में मकान आबंटित किया गया है।

## खास - खबर

### भिखारी मुक्त होगा दुर्ग निगमः निगम कर रही है सर्वे, चौक-चौराहों का निरीक्षण कर भेजेंगे वृद्धा आश्रम

**दुर्ग।** नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के आदेशानुसार वृद्ध, बीमार, भिखारी, घुमन्तु लोगों का सर्वे के लिए आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निगम अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारियों को शहर के अंदर भीख मांगने वाले भिखारियों व वृद्ध लोगो की खोजबीन के निर्देश दिए है । इस क्रम में आज उपायुक्त मोहेंद्र साहू, सहायक राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,भुवनदास साहू,योगेश सूरे,शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा के अलावा राजस्व विभाग और बाजार विभाग द्वारा शहर का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान नागपुर से एक दिन पूर्व ही आये यादन भालेकर को वृद्धा आश्रम ले जाने पर घर वापस नागपुर जाने बात कही गई, जिसे रेलवे स्टेशन में छोड़ा गया। बिहार के विजय यादव को भी भीख मांगते पकड़ा गया उसे भी वृद्धा आश्रम छोडने की बात पर रेलवे स्टेशन को वापस चले गये। जोरातराई गांव जिला दुर्ग जोहितीन बाई द्वारा बताया गया रोड सुबह 9 बजे आकर भीख मांगकर शाम तक जाने की बात कही गई जिसे दोबारा निगम क्षेत्र में दिखाई देने पर वृद्धा आश्रम छोड़ने की चेतावनी देकर नगर निगम क्षेत्र में दोबारा भीख मांगने पर मना किया गया है। बता दे कि दुर्ग क्षेत्र में नगर पालिक निगम कर रही है भिखारी की खोजबीन, शहर के मुख्य चौक चौराहों का निरीक्षण कर भेजेंगे वृद्धा आश्रम।

### तृतीय लिंग परिचय पत्र के पंजीयन के लिए कार्यशाला आयोजित

**दुर्ग।** समाज कल्याण विभाग एवं युवा संकल्प समिति के संयुक्त तत्वाधान में 17 मार्च को स्थान विवेकानंद भवन, पद्मनामपुर, जिला दुर्ग में तृतीय लिंग समुदाय के व्यक्तियों को लाभार्थ करने के उददेश्य से विशाल सामुदायिक कार्यशाला एवं ऑनलाईन तृतीय लिंग परिचय पत्र का पंजीयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य तृतीय लिंग व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़े जाने एवं शासकीय कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु नेशनल पोर्टल पर समुदाय के व्यक्तियों का ऑनलाईन पंजीयन किया जाकर उन्हे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान पत्र एवं प्रमाण पत्र ऑनलाईन प्रदाय किया जाना है। कार्याशाला को एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने भी संबोधित किया तथा उन्होने कहा कि तृतीय लिंग समुदाय के हितो के संबंध में शासन ने अनेक योजनाएं तैयार की है, जिसका वे लाभ उठा सकते है।

### विधायक देवेन्द्र की पहल पर होगा चैनलाइजेशन

# खुर्सीपार के शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड की बस्तियों में अब नहीं भरेगा पानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के कई वार्ड ऐसे है, जहां बारिश के दिनों में पानी भर जाता है। निकासी बेहतर तरीके से नहीं होने की वजह से नालों का पानी ओवर फ्लो होकर वार्डों के गलियों में लोगों के घरों में भर जाता है।ऐसा ही खुर्सीपार का वार्ड 51 शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड की बस्तियां है। जहां पानी भर जाता है।



लेकिन आने वाले बारिश के सीजन में ऐसी नौबत अब नहीं आएगी। क्योंकि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की है और अब जल्द ही शहर के ऐसे प्रमुख नालों का निर्माण कार्य किया जाएगा। साथ ही चैनलाइजिंग की जाएगी। इससे बारिश के सीजन में पानी का बहाव बना रहेगा। बेहतर तरीके से निकास होगी जिससे वार्डों में पानी नहीं भरेगा।

नालों का निर्माण और चैनलाइजिंग के भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की है। 87 लाख की लागत से नालों का निर्माण किया जाएगा। भिलाई नगर विधायक श्री यादव समय-समय पर लोगों से मिलते है।

उनके वार्ड में जाकर लोगों से मिलकर उनका कुशल क्षेम जानते है। वार्ड में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते हैं और निरीक्षण के साथ ही वार्ड की समस्याओं की भी जानकारी लेते है, ताकि उनका समाधान किया जा सके। इसी कड़ी में विधायक श्री यादव कुछ समय पहले वार्ड 51 पहुंचे थे। जहां लोगों ने बताया कि नालों से सही तरीके से सफाई नहीं होने की वजह से बारिश के पानी की निकासी ठीक से नहीं हो पाता।

#### जब विधायक बने तब से लगातार नालों का करा रहे चैनालाइजेशन

जोन 4 अंतर्गत खुर्सीपार में 1.5 करोड़ की लागत से कई वार्ड के नालों का चैनालाइजेशन कार्य पूर्ण हो चुका है बापूनगर, सोनिया गांधी नगर, लक्ष्मीनारायण वार्ड दुर्ग मंदिर क्षेत्र में पानी भर जाता था। जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए योजना बनाई गई और नालों का निर्माण और चैनलाइजिंग कराने की प्रस्ताव पास कर कार्य कराया गया है।

#### जनता की सेवा मेरा धर्म

जनता की सेवा करना ही मेरा धर्म है। जनता की सेवा करने के लिए ही मैं राजनीति में आया हूं। खुर्सीपार के नागरिकों ने मुझे जो प्यार और आशीर्वाद दिया है, यही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। हम लगातार शहर और शहर के नागरिकों के हित और विकास के लिए काम कर रहे हैं और लगातार आगे भी विकास कार्य करते रहेंगे।

**देवेंद्र यादव, विधायक भिलाई नगर**

## एसआर हॉस्पिटल ने लगाया निगम में स्वास्थ शिविर, 154 कर्मियों ने कराया अपना फ्री हेल्थ चेकअप




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** नगर पालिका निगम भिलाई के सभागार में एसआर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर चिखली दुर्ग द्वारा शुक्रवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ निगम आयुक्त रोहीत व्यास द्वारा भगवान धन्वन्तरी के तैलचित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलीत किया गया। निगम आयुक्त ने एसआर हॉस्पिस्टल की टीम द्वारा की जा रही मानव सेवा के सर्मपण भाव की भूरी भूरी प्रशंसा की।

इस शिविर मे 154 निगम कमियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर मे नगर पालिका निगम के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने सपरिवार अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एस पी केसरवानी ने शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शिविर मे हाई ब्लड प्रेशर शुगर घुटना दर्द कमर दर्द सर्दी खासी बुखार एवं अन्य कई शिकायतों को लेकर मरीजों ने अपना परीक्षण कराया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ छाया भारती ( रेटीना सर्जन ) ने बताया कि कुल 106 मरीजों ने नेत्र परीक्षण कराया जिसमें 15 मरीजों को मोतियाबिन्द एवं ऑख में नखुना की शिकायत पाई गई। कई मरीजों के रेटीना में भी शिकायत पाई गई। शिविर में सभी कर्मियों का नि: शुल्क ब्लड शुगर जांच किया गया । शिविर में डॉ एसके पटेल, प्रेम चन्द्राकर, चन्द्र सेन राठौर, सीमा बरहरे, यमुना पटेल आदि ने अपनी सेवाएं दी।

### शिक्षिका प्रज्ञा सिंह की मेहनत लाई रंग

## हनोदा के दो विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए चयन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य छात्रवृति परीक्षा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हनोदा के तूलिका साहू और तारेश साहू का चयन हुआ है। अब इन्हें कक्षा 9 से 12 तक प्रतिमाह 1 हजार रू की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। छात्रों की इस उपलब्धि के पीछे गणित शिक्षिका प्रज्ञा सिंह का बड़ा योगदान रहा है।

उन्होंने दशहरे और दिवाली अवकाश के साथ साथ सभी रविवार और छुट्टी के दिन भी अपने घर में बच्चों की लगातार कक्षाएं ली। साथ ही बालिकाओं को सुरक्षित रूप से उनके घर पहुंचाने की जिम्मेदारी भी निभाई। शाला के साथ साथ संकुल की अन्य शाला मिडिल स्कूल बोरसीभाटा के बच्चों को भी सतत मार्गदर्शन दिया। फ्लस्वरुप दो छात्र काजल बंजारे और विभा कोसरे का भी चयन हुआ है। प्रज्ञा सिंह के मार्गदर्शन में 2011 से लगातार बच्चों का चयन होता आ रहा है। गत वर्ष भी दो बच्चों का चयन हुआ था। अब तक 18 बच्चों का चयन हो चुका है। दुर्ग जिले से सर्वाधिक छात्रों का चयन हुआ है।

इसमें पोटिया धमधा के शिक्षक पवन कुमार सिंह जिला नोडल का विशेष योगदान रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल और विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव के नेतृत्व में दुर्ग में ठोस कार्य योजना के फ्लस्वरूप प्रदेश में सर्वाधिक 540 बच्चों का चयन हुआ है। हनोदा के प्रधानपाठक परमानंद देवांगन के मार्गदर्शन में समस्त स्टाफ पूनम मौर्य, समीक्षा सिंह, रश्मि टिकरिहा और खिलेश्वर नेताम द्वारा सार्थक प्रयास किया गया। संकुल हनोदा के चार छात्रों के चयन के पीछे संकुल प्राचार्या मती रीना नंदी का विशेष योगदान रहा। संकुल समन्वयक निखिल समद्दार ने संकुल स्तरीय कक्षा के संचालन में महती भूमिका निभाई।

## आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम के तहत दो दल जम्मू कश्मीर और गुवाहाटी रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 14 वां आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम के तहत दिनांक 17 मार्च 2023 को जिला कांकेर, छत्तीसगढ़ के अति दुर्गम एवम् नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से युवक एवं युवतियों के ग्यारहवें एवं बारहवें जत्थे को दुर्ग रेलवे स्टेशन से जम्मू और कश्मीर एवं गुवाहाटी (असम) के लिए रवाना किया गया।

जिसमें 40 युवक-युवतियों सहित सीमा सुरक्षा बल के 02 पुरूष सुरक्षा अधिकारी और 02 महिला सुरक्षा अधिकारी शामिल है। ये जत्थे जम्मू और कश्मीर एवं गुवाहाटी (असम) में विभिन्न राज्यों के अन्य आदिवासी युवाओं से मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होंगे।




इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें विविधता में एकता की अवधारणा को आत्मसात करने में सक्षम बनाना, उन्हें विकास संबंधी गतिविधियों एवं औद्योगिक उन्नति से अवगत कराना और आदिवासी युवाओं को देश के दूसरे हिस्से से आए अपने साथियों के साथ भावनात्मक संबंध विकसित करने और उनके आत्म-सम्मान को बढ़ाने में मदद करना है ।

नेहरू युवा केन्द्र संगठन, नई दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) एवं गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 14 वाँ आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 07 दिन है। छत्तीसगढ के कांकेर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाके से इस वर्ष कुल 14 भ्रमण कार्यक्रमों के अंतर्गत 18 से 22 वर्ष के आयु वर्ग के 290 चयनित युवा भाग ले रहे है।

इस आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में संवैधानिक अधिकारियों एवं गणमान्य और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत गतिविधियां, भाषण प्रतियोगिता, कौशल विकास, कैरियर संबंधी मार्गदर्शन से जुड़े उद्योग की यात्रा, चल रहे खेल आयोजनों के बारे में जानना, सुरक्षा बलों के कैंपो का दौरा, सांस्कृतिक प्रदर्शन आदि शामिल हैं।

### कलेक्टर ने हर स्पाट का किया निरीक्षण

# दुर्ग-भिलाई में जिन सड़कों पर हो रही अधिक दुर्घटनाएं, वहां होंगे तकनीकी सुधार

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने शुक्रवार दुर्ग-भिलाई की उन सड़कों का निरीक्षण किया जहां सर्वाधिक दुर्घटनाएं हुई हैं। उन्होंने ऐसे स्पाट्स में तकनीकी रूप से सुधार करने के लिए कहा, साथ ही ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए भी आवश्यक उपाय करने कहा। सबसे पहले वे इंदिरा मार्केट पहुंचे। उन्होंने वहां पार्किंग स्थल के लिए चिन्हांकित जगह देखे, साथ ही बाजार को व्यवस्थित करने के लिए भी कहा ताकि ट्रैफिक का दबाव घटे।



धमधा नाका के किनारे सर्विस रोड के लिए एजेंसियों को कहा। कलेक्टर ने ऐसी सड़कों का निरीक्षण किया जहां अधिक संख्या में दुर्घटनाएं हुई हैं और इसके चलते जनहानि भी हुई है। ऐसी सड़कों के लिए शीघ्रता से तकनीकी दृष्टिकोण से उपाय करने उन्होंने अधिकारियों को कहा और इस पर शीघ्रता से अमल करने कहा। इस दौरान भिलाई निगम आयुक्त श्री रोहित व्यास, एसडीएम लक्ष्मण तिवारी, दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर, आरटीओ अनुभव शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

#### कोहका रोड में अंधे मोड़ व्यवस्थित करने कहा

कलेक्टर ने कोहका रोड का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने ब्लैक स्पाट देखा जहां अंधा मोड़ होने की वजह से अधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कर्व बनाने के लिए कहा। साथ ही इस रोड पर जहां डिवाइडर की जरूरत है। वहां इसके निर्माण के लिए कहा। अवंतिबाई चौक में प्रतिमा शिफ्ट करने के लिए कहा गया। साथ ही मोड़ को भी व्यवस्थित करने के लिए कहा गया। एनएच में ट्रैफिक की व्यवस्था ठीक करने के लिए उन्होंने कोसा नाला से लेकर नेहरू नगर चौक तक ट्रैफिक से संबंधित जोखिम वाले बिन्दुओं में आवश्यक तकनीकी सुधार करने कहा। कोसा नाला के पास एनएच की बिल्डिंग हटाई जाएगी ताकि सड़क चौड़ी हो सके। यहां पर सर्विस रोड भी प्रस्तावित है इससे ट्रैफिक की समस्या दूर होगी। एनएच अधिकारियों को उन्होंने डिवाइडर्स पर बोगनवेलिया, मौलश्री आदि पौधे लगाने कहा। वाय शेप ब्रिज पर भी उन्होंने ट्रैफिक संबंधित आवश्यक निर्देश दिये।

#### ब्लिकर्स लगाए जाएंगे, डिवाइडर्स बनेंगे और अतिक्रमण हटेगा

कलेक्टर ने दुर्ग-भिलाई में प्रमुख चौक-चौराहे देखे। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने के लिए रेडियम लगाने, झांड-झंखाड़ ठीक करने आदि निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो अवैध होर्डिंग और प्रचार सामग्री हैं उन्हें निरंतर हटाने की कार्रवाई करें। व्यू आबस्ट्रक्ट होने की वजह से जो दुर्घटनाएं होती हैं। ऐसे स्ट्रक्चर भी हटाने उन्होंने कहा ताकि मोड़ पर किसी तरह की दुर्घटनाओं में कमी की जा सके। कलेक्टर ने इस संबंध में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक भी ली।

### एमआईसी मे बजट 2023- 24 पर हुई विशेष चर्चा

## 5 गांवों को निगम क्षेत्र में शामिल किये जाने मेयर इन काउंसिल में मिली स्वीकृति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर निगम के डाटा सेंटर हॉल में मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर धीरज बाकलीवाल के अध्यक्षता और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर की मौजूदगी में विकास कार्यों सहित अन्य विषयों को लेकर आयोजित की गई। बैठक में एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, ऋषभ जैन, जयश्री जोशी, हमीद खोखर, सत्यवती वर्मा, भोला महोबिया, शंकर ठाकुर, मनदीप सिंह भाटिया, अनूप चंदनिया, सुश्री जमुना साहू, उपायुक्त मोहेंद्र साहू आदि मौजूद थे।



बैठक में अहम मुद्दो पर चर्चा की गई। बता दे कि वर्ष 2023-24 के आय व्यय अनुमान पत्रक पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त फिल्टर प्लांट 24,42 एवं 11में पेयजल शुद्धिकरण हेतु एलम खरीदी को भी स्वीकृति प्रदान की गई। मिनीमाता चौक से अंडा मार्ग में आ रहे पाइप लाइन को शिप्टिंग पर 76.83 लाख के प्रस्ताव को परिषद में प्रस्तुत किया गया। कसारीडीह तालाब सौंदर्यकरण एवं गोकुलनगर गौठान में आवश्यक सुविधा कार्य एवं निर्माण हेतु निविदा की न्यूनतम दर को स्वीकृति प्रदान की गई। शहर में गन्ना रस विक्रेताओं से पूर्व वर्ष के अनुसार 4840 रू तीन माह के लिए दर की स्वीकृति दी गई। निगम क्षेत्र में विकास की संभावना को देखते हुए 10 गांव हनोदा, धनोरा, महमरा, चिखली,जेवरा सिरसा, अंजोरा, पिसेगांव, कोलिहापुरी, मोहलाई, कोटनी के अतिरिक्त कोड़िया, चंदखुरी एवम खपरी गांव को दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में शामिल किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। इसके अतिरिक्त 15 वे वित्त के अलावा राजेन्द्र पार्क के संचालन व्यवस्था को स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित करने राजस्व आय को बढ़ाने पर गहन चर्चा परिषद में की गई। इसके साथ ही सफाई व्यवस्थाओं के अलावा राजस्व की स्थित के साथ साथ एमआईसी सदस्यों के साथ विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई। बैठक में कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर, एसडी शर्मा, आरके पांडेय, जितेंद्र समैया, आरके पालिया, प्रकाशचंद थवानी, संजय ठाकुर, राजकमल बोरकर, जावेद अली, शरद रत्नाकर, थानसिंह यादव आदि मौजूद रहें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950